

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 53 | ग्वालियर बुधवार 23 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एक नजर

### अमेरिका से आई नरेंद्र मोदी की तारीफ के बीच बीजेपी नेता ने पोस्ट किया पीएम की गर्दन पर बाइडन के हाथ वाला फोटो

अमेरिका से आई नरेंद्र मोदी की तारीफ के बीच बीजेपी नेता ने पोस्ट किया पीएम की गर्दन पर बाइडन के हाथ वाला फोटो, लिखा- अमेरिकी अफसर उड़ा रहे मजाक, भारतीयों को हो रहा दुखभाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी। हाल ही में इंडोनेशियाके शहर बाली में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दमदार भूमिका सुर्खियों में रही। दुनियाभर में इसको लेकर चर्चाएं हुईं। खुद व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने भी मोदी और अमेरिकन राष्टपति जो बाइडन की मुलाकात और दोनों के बीच गर्मजोशी भरी बातचीत को स्वीकारा है।जीन-पियरे ने अपने बयान में कहा, ÷भारत हमारे बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण रिश्ता है। आपने पिछले सप्ताह ही जब वे बाली में थे, राष्टपति को प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करते और बहुत संक्षिप्त मुलाकात करते देखा था। स्पष्ट रूप से यह एक महत्वपूर्ण संबंध है जिसका हम वास्तव में सम्मान करते हैं।÷सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, ÷मोदी को फोटो खिंचवाने की लालसा बंद करनी चाहिएइस बीच भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकन राष्टपति जो बाइडन की एक तस्वीर ट्वीट करके कहा है कि इस पर अमेरिकी अफसर मजाक उड़ा रहे हैं। तस्वीर में भारतीय प्रधानमंत्री की गर्दन पर अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन अपना बांया हाथ रखे हुए। इसको लेकर उन्होंने लिखा, ÷यह फोटो मॉर्फ्ड है या सच है निजी तौर पर, अमेरिकी अधिकारी यह कहते हुए मजाक उड़ा रहे हैं कि मोदी जी कितने नकली हैं। लेकिन भारतीयों के लिए यह सुनकर दुख होता है। मोदी को फोटो खिंचवाने की लालसा बंद करनी चाहिए क्योंकि ये बूमरैंग हैं।÷

### नेताजी के बिना पहला चुनाव, वोट से दें मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि- मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव का इमोशनल कार्ड

नेताजी के बिना पहला चुनाव, वोट से दें मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि- मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव का इमोशनल कार्डी डंपल यादव ने नेताजी की जन्मदिन पर जनता से मांगी श्रद्धांजलि मैनपुरी उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने गांव-गांव प्रचार किया। वह स्थानीय लोगों से मिलकर बात कर रही हैं और साथ ही नुक्कड़ सभाएं भी कर रही हैं। इस दौरान डिपल यादव नेता जी यानि कि मुलायम सिंह यादव के नाम पर वोट मांग रही हैं। एक सभा को संबोधित करत उन्होंने कहा कि मैनपुरी की जनता हमेशा समाजवादियों के साथ रही है। नुक्कड़ सभाएं करके वह कह रही हैं कि इस बार अपना वोट नेती जी को श्रद्धांजलि के रूप दें।ग्राउंड पर सक्रिय हैं डिंपल यादव दरअसल, समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ग्राउंड पर काफी सक्रिय दिखाई दे रही हैं। डिंपल अपने चुनावी प्रचार में 21 नवंबर की शाम नगला बांक पहुंची थीं। यहां उन्होंने कहा कि ये बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। ये पहला चुनाव है जब नेता जी हमारे साथ नहीं है। तो एक-एक वोट समाजवादी पार्टी की साइकिल की बटन दबाकर नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम करेंगे।÷

क्राईम ब्रांच एवं थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

### ग्वालियर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार 3-3 हजार रुपये के तीन इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**रहीश भैया दैनिक पुष्पांजली टुडे 7869883786**

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर जिले में फरारी इनामी बदमाशों तथा वारंटियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना महाराजपुरा के हत्या के प्रयास के मामले में फरार तीन इनामी आरोपी चम्बल गेट भिण्ड रोड पर देखे गये है। उक्त सूचना पर से एसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच की टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) मृगाखी डेका से समन्व्य स्थापित कर क्राईम ब्रांच व थाना महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त टीमों को इनामी आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के



परिपालन में सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध ऋषिकेश मीणा एवं सीएसपी महाराजपुरा रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक पंकज त्यागी के द्वारा क्राईम ब्रांच व महाराजपुरा पुलिस की संयुक्त टीमों को मुखबिर के बताये स्थान चम्बल गेट भिण्ड रोड कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को उक्त स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया के तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये तीनों संदिग्धों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त थाना महाराजपुरा के अप0क्र0 636/22 धारा 323, 294, 307, 34 भादवि के अपराध में घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा तीन-तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। उक्त पकड़े गये इनामी आरोपियों का कुछ समय पहले गिरगांव निवासी रामू गुर्जर से जमीन संबंधी विवाद हुआ था, जिस पर से आरोपियों द्वारा फरियादी व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर फायरिंग की गई थी। जिसमें फरियादी के परिजन घायल हुए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर से चार आरोपियों के खिलाफ थाना महाराजपुरा में अप0क्र0 636/22 धारा 323, 294,307,34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण में वांछित चार आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे। उक्त ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह भदौरिया थाना महाराजपुरा एवं ब्रांच टीम- उनि सउनि राजकुमार राजावत, दिनेश सिंह तोमर, प्र.आर. दिनेश कुशवाह, मनोज एस., आरक्षक लोकेन्द्र राजावत, विद्याचरण, योगेन्द्र, विकास, सोनू परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

### आफताब ने कोर्ट में नहीं माना कि उसने ही श्रद्धा की हत्या की

# आरोपी का वकील बोला- दिल्ली पुलिस के साथ जांच में वो कर रहा सहयोग

श्रद्धा वॉकर मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला की पैरवी कर रहे वकील अविनाश कुमार का कहना है कि उसके मुवक्किल ने अभी तक कोर्ट में नहीं माना है कि उसने ही अपनी 27 वर्षीय लिव इन पार्टनर की हत्या की। वकील का कहना है कि उनका क्लाईंट दिल्ली पुलिस के साथ जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। अविनाश का कहना है कि आफताब अभी तक के प्रोसेस से संतुष्ट है। वो आज शाम को आरोपी से मिलने जेल भी जाने वाले हैं। से बातचीत में अविनाश कुमार ने बताया कि उन्हें कोर्ट की तरफ से आफताब की पैरवी का जिम्मा मिला है। हालांकि उनका ये भी कहना है कि उनका मुवक्किल पुलिस को सारी चीजें बताने के लिए तैयार है। आफताब पर अपने साथ रहने वाली श्रद्धा की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसने उसके 35 टुकड़े भी किए। वो उन्हें एक बैग में भरकर महरौली के जंगलों में कई दिनों तक फेंकता रहा।अविनाश का कहना है कि वो पुलिस की चार्जशीट का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने अभी तक जो भी साक्ष्य एकत्र किए हैं वो परिस्थितिजन्य हैं। उनका कहना है कि पुलिस की चार्जशीट मिलने के बाद ही इस मामले में वो आगे की रणनीति तैयार करेंगे।



## पापा जल्दी आओ, जयपुर में दिन दहाड़े अपहरण से पहले फोन पर बोली थीं पूर्व मंत्री की बेटी



कांग्रेस नेता गोपाल केसावत के मुताबिक उनकी बेटी ने सोमवार शाम 6 बजकर 5 मिनट पर अंतिम कॉल किया। उस समय उसने तुरंत आने के लिए कहा था।राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मंत्री गोपाल केसावत के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोपाल केसावत की बेटी का सोमवार की शाम राजधानी जयपुर के प्रतापनगर इलाके से संदिग्ध दशा में अपहरण हो गया। उस वक्त वह स्कूटी से सब्जी लेने के लिए एनआईआर सर्किल गई हुई थी। कांग्रेस नेता ने प्रतापनगर पुलिस स्टेशन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज करवाया है। पुलिस केस की जांच-पड़ताल में जुट गई है। बाद में स्कूटी जयपुर एयरपोर्ट जाने वाली रोड पर लावारिस हालत में पड़ी मिली।मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि बेटी अभिलाषा (21) सोमवार शाम को जब स्कूटी से प्रतापनगर पहुंची, तभी उसका कुछ लोग पीछा करने लगे। बेटी ने तुरंत पिता गोपाल केसावत को फोन किया और इसकी सूचना देते हुए गाड़ी लेकर वहां आने को कहा। इस पर जब वे वहां पहुंचे तो न तो बेटी मिली और न ही उनकी स्कूटी वहां थी। बेटी का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ था। **सीसीटीवी कैमरे में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला**-पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी में कुछ भी संदिग्ध नहीं दिखा। प्रताप नगर थाना प्रभारी भजनलाल ने मीडिया को बताया कि पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता गोपाल केसावत ने इस मामले में देर रात रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराया तो सिरफिरे प्रेमी ने खुद को आग लगाकर महिला को लगा लिया गले

शादी का प्रस्ताव ठुकराया तो सिरफिरे प्रेमी ने खुद को आग लगाकर महिला को लगा लिया गलेयुवक ने महिला का पीछा कर खुद को आग लगाई और फिर उसे जकड़ लिया।महाराष्ट के औरंगाबाद जिले में एक सिरफिरे आशिक ने रोंगटे खड़े करने वाली वारदात की। गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में ये स्तब्ध करने वाली वारदात हुई। युवक ने पहले खुद को आग लगाई और फिर उस महिला को जबरन खुद से लिपटा लिया जिससे वो प्यार करता था। घटना में युवक की मौत हो गई जबकि महिला को 55 फीसदी जली हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है।उस्मानपुरा पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## सपा के दिग्गज आजम खान को 2019 के हेट स्पीच मामले में जमानत, सीएम योगी के खिलाफ की थी टिप्पणी



**लखनऊ।** सपा के दिग्गज आजम खान को 2019 के हेट स्पीच मामले में जमानत, ष्टरू योगी के खिलाफ की थी टिप्पणीआजम खान को रामपुर सेशन कोर्ट से मिली जमानत के दिग्गज नेता आजम खान को 2019 के हेट स्पीच मामले में रामपुर की सेशन कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। आजम पर आरोप था कि उन्होंने सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी मामले में सजा के चलते आजम को विधायकी से हाथ धोना पड़ा था। सेशन कोर्ट से उनकी अपील खारिज होने के बाद चुनाव आयोग ने आजम की रामपुर सीट से उप चुनाव घोषित किया था।सीएम योगी और डीएम आंजनेक के खिलाफ की थी टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह के खिलाफ कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में आजम खान के खिलाफ अप्रैल 2019 में रामपुर में केस दर्ज किया गया था। साल 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के आजम खान ने रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस उम्मीदवार संजय कपूर के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।सुप्रीम कोर्ट के साल 2013 के फैसले के मुताबिक आजम खान को हेट स्पीच मामले में 3 साल की सजा होने के बाद उन्हें विधानसभा सदस्यता से हाथ धोना पड़ा। साल 2013 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक अगर कोई विधायक, एमएलसी या सांसद किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया जाता है और कम से कम दो साल के लिए जेल जाता है तो वह तत्काल प्रभाव से सदन की सदस्यता खो देता है।



### भारतीय जनता युवा मोर्चा,ग्वालियर के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने आज स्मार्ट पार्क, श्यामला हिल्स,भोपाल में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधारोपण किया

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विगत कई वर्षों से प्रतिदिन एक पौधा लगाकर अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते हैं। उसी क्रम में आज मुख्यमंत्री जी के साथ भाजयुमो,ग्वालियर जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री जी की प्रकृति संरक्षण के लिए यह पहल हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

### तांत्रिक ने प्रेमी जोड़े को पहले फेवीक्विक से चिपकाया, फिर प्राइवेट पार्ट में चाकू मार की हत्या



**राजस्थान** के उदयपुर में अपराध की ऐसी वारदात सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान हो गया है। दरअसल, 18 नवंबर को गोगुन्दा थाना क्षेत्र के केला बावड़ी जंगल में एक सरकारी शिक्षक राहुल मीणा और महिला सोनू कंवर के नग्न शव बरामद किए गए थे। उदयपुर पुलिस ने शुरू में इसे अवैध संबंध या ऑनर किलिंग का मामला माना था। हालांकि ये हत्या नाजायज रिश्तों और अंध विश्वास की वजह से हुई थी। इसका खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने एक आरोपी भालेश कुमार नाम के तांत्रिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

**तांत्रिक के पास शुरू हुआ प्रेम प्रसंग**- पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के अनुसार, पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद डूंगरपुर क्षेत्र के मूल निवासी तांत्रिक भालेश कुमार को हिरासत में लिया गया और सख्ती से पूछताछ की गई। इस पूछताछ के बाद उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली। भावेश ने पुलिस को बताया कि वह भादवी गुडा के एक मंदिर में रहता है जहां से उसने मुसीबत में फंसे लोगों को ताबीज दी थी। एसपी ने बताया कि सोनू और राहुल मंदिर में मिले थे,

## अमृत काल में देश के विकास का सारथी बनें, रोजगार मेला में जॉब पाने वालों से बोले पीएम नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा, ÷महामारी और युद्ध के बीच, दुनिया भर के युवाओं के सामने नए अवसरों का संकट है। विकसित देशों में भी विशेषज्ञों को एक बड़े संकट की आशंका है। ऐसे समय में, अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ कहते हैं कि भारत के पास आर्थिक क्षमता प्रदर्शित करने और नए अवसरों को बढ़ावा देने का सुनहरा अवसर है।पीएम मोदी ने दिल्ली में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में 71,000 के करीब युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपें। इस मौके पर उन्होंने कहा, ÷देश के युवाओं को रोजगार के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का यह अभियान आगे भी ऐसे ही जारी रहेगा।प्रधानमंत्री ने नौकरी पाने वालों से कहा, ÷आपको यह नई जिम्मेदारी एक खास दौर में मिल रही है। देश अमृत काल में प्रवेश कर गया है। हम सब ने इस अवधि में भारत को एक विकसित राष्ट बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को प्राप्त करने के लिए आप देश के 'सारथी (ष्ट' बनने जा रहे हैं।÷ प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि युवाओं की प्रतिभा और उनकी ऊर्जा राष्ट निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

**अक्टूबर में 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये थे**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सभी मंत्रालयों और विभागों को स्वीकृत पदों की मौजूदा रिक्तियों को जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया था। इसके तहत विभागों ने ये नियुक्तियां की हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने अक्टूबर महीने में ''रोजगार मेला'' की शुरुआत की थी।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से दिल्ली-यूपी में बढ़ने वाली है गलन, जानें अपने शहर का मौसम

उत्तर भारत के राज्यों में सर्दी अब बढ़ने लगी है. ठंड बढ़ने के साथ ही धुंध ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. यही वजह है कि सुबह और शाम में दिल्ली-एनसीआर कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आता है. वहीं, पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में शीत लहर चल रही हैं. हालांकि धूप खिलने से लोगों को सर्द हवाओं से थोड़ी राहत है, लेकिन शाम होते-होते ठिठुरन अपने चरम पर पहुंच रही है. मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है.

**मिनिमम टेंपरेचर 9 डिग्री सेल्सियस**-राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां आज यानी 23 नवंबर का मिनिमम टेंपरेचर 9 डिग्री सेल्सियस और मैग्जीमम टेंपरेचर 26 डिग्री सेल्सियर रिकॉर्ड किया गया. हालांकि मौसम विभाग से संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में दिल्ली के



तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. जिससे सर्दी में इजाफा होगा. इसके साथ ही यूपी राजधानी लखनऊ में मिनिमम टेंपरेचर 13 डिग्री और मैग्जीमम टेंपरेचर 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. आपको बता दें कि यूपी, पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर के अधिकांश राज्यों में इस समय कोहरा देखने को मिल रहा है.

**नहीं कम हो रहा दिल्ली का वायु प्रदूषण**- आपको बता दें कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में फिलहाल जरीली स्मॉग से राहत मिलती नहीं दिख रही है. हालांकि अभी यह गंभीर स्थिति में नहीं पहुंची है, लेकिन लगातार खराब श्रेणी में बनी हुई है. लोगों को अभी भी सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

# लहार क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए मिशन 2023 में भाजपा का विधायक बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट हों : रसाल सिंह






**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

भिण्ड । भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है व्यक्ति नहीं विचार के लिए काम करते हैं उनके परिश्रम से ही आज केंद्र और राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है हमारे एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा को लेकर गरीब मजदूर और किसानों एवं गरीब व्यक्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विकास जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लहार क्षेत्र के प्रत्येक बूथ केंद्रों पर पहुंच कर जनता को लाभ दिलाने का काम करें द्य यह उद्गार उन्होंने विधानसभा क्षेत्र लहार के भाजपा असवार दमोह एवं आलमपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के एक दृश्य सम्मेलन को ककसी सरकार पर मुख्य अतिथि की आसींद से बोलते हुए व्यक्त किए द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने की इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक चौधरी रोमांस महंत जिला पंचायत उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष अनूप त्यागी देवेंद्र उपाध्याय कुलदीप सिंह कौरव मंचासीन थे भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव से लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता अपने संघर्ष और परिश्रम के साथ भाजपा की विजय श्री दिलाने में अहम भूमिका के साथ काम करेंगे । उन्होंने कहा कि लहर विधानसभा से लेकर जिले की पांचों विधानसभा में भाजपा को जताकर परचम लहराएंगे । उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब मुक्त की ओर हो चुकी है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक तरफ भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं दूसरी तरफ उनके विधायक और सांसद और मंत्री भारतीय जनता पार्टी की जय

### असवार,दमोह,आलमपुर मंडल के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन कांक्सी सरकार पर संपन्न

बोल रहे हैं वह पहले अपने कांग्रेस को संभालने का काम करें फिर उसके बाद भारतजी जोड़ों की बात करें कि कांग्रेस से आप विश्वास हट चुका है भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मिशन 2023 में लहार क्षेत्र से भाजपा का विधायक बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें इससे पहले हमें अपने सभी मंडलों में मतदान केंद्र को मजबूती प्रदान करना है यही चुनाव का मुख्य आधार है और हमारी विचारधारा है सबका साथ सबका विश्वास और सबका साथ इस मूल मंत्र को लेकर हम कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और विकास और प्रगति के लिए लहर से भाजपा को विधायक बनाने के लिए अपनी कमर कसे पूरे संघर्ष के साथ कांग्रेस को उखाड़ फेंकने में कार्यकर्ताओं पूरी तैयारी के साथ कार्य करें पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कीहम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बन गए मिशन 2023 में विधानसभा चुनाव का समय आ चुका है हम अभी से ही अपने अपने पोलिंग बूथ पर कमर कसकर कांग्रेस को उखाड़ने के लिए तैयार रहें और भाजपा का विधायक लहार से बनाकर जनता हो अत्याचारों से निजात दिलाने का कार्य करते हुए हर गरीब मजदूर और किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लहार में जिस प्रकार जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार हो रहे हैं जिनका हम निजात दिलाने के लिए आप सभी से आग्रह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का लहर में परचम फेरा कर अपनी शक्ति का कांग्रेसियों को एहसास दिलाएं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी , रोमेश महंत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल,ने कहा कि लहार में अबड्ढ भाजपा का कमल खिलाने के लिए हम सब कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार हैं । उन्होंने कहा कि लहार में चुनाव मेंटेनेंस के लिए हम प्रत्येक पोलिंग बूथ को मजबूत बनाते हुए भाजपा की सुनामी को तूफान में बदलने का काम करेंगे सभी कार्यकर्ता एक साथ संगठित होकर कांग्रेस को उखाड़ फेंके।

# बल्देवगढ़ पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर किया चोरी का खुलासा चोरी हुये 02 गैस सिलेंडर व 30 किलो गेहूं व एक मोबाईल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**
**जिला टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**

टीकमगढ़ । दिनांक 20.11.2022 फरियादी जग्गू पिता तांतू अहिरवार निवासी ग्राम भेलसी थाना बल्देवगढ ने रिपोर्ट किया था कि दिनांक 18 - 19.11.2022 के मध्य रात्रि की बात है कि फरियादी के घर ग्राम भेलसी से कोई अज्ञात आरोपी फरियादी के घर का ताला तोडकर 02 भारत कम्पनी के खाली गैस सिलेंडर कीमती 7000 रूपये, 30 किलो गेंहू की बोरी कीमती 700 रूपये व एक रेडमी कम्पनी का मोबाईल कीमती 12500 रूपये का कुज मशरूका 20200 रूपये का चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना बल्देवगढ में अपराध क. 548 / 22 धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध कर तत्काल माल मुल्जिम की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत खरे द्वारा सम्पत्ति संबध अपराधो में अतिशीघ्र माल मुल्जिम की दस्तयावी हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या एवं एसडीओपी बीडी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की दस्तयावी हेतु थाना प्रभारी अमित साहु एवं हमराह स्टाफ द्वारा तत्काल कार्यवाही कर अज्ञात आरोपी व माल मशरूका की तलाश शुरू कर दी। अज्ञात आरोपी की दस्तयाबी हेतु मुखबिरो से पूछताछ की गई तथा आसपास वालो से पूछताछ की गई जिनके द्वारा बताया गया कि उक्त घटना दिनांक को गांव का विशाल वंशकार दिखा था बाद विशाल वंशकार को उसके घर पर तलाश किया जो दस्तयाव हुआ जिससे हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसनें फरियादी के घर का ताला तोडकर उक्त मशरूका चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी विशाल पिता सीताराम वंशकार उम्र 23 साल निवासी भेलसी के कब्जे से 02 भारत कम्पनी के खाली गैस सिलेंडर कीमती 7000 रूपये, 30 किलो गेंहू की बोरी कीमती 700 रूपये व एक रेडमी कम्पनी का मोबाईल कीमती 12500 रूपये का कुल मशरूका 20200 रूपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। तथा उक्त आरोपी का दिल्ली में अपराध होने से अपराधिक रिकार्ड की जानकारी पृथक से ली जा रही है। इस प्रकार थाना बल्देवगढ पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर उक्त अपराध के माल मुल्जिम को दस्तयाव करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमित साहु व उनकी टीम प्रआर अब्बास,




प्रआर रज्जन . आर. रोहित, आर, राहुल, आर बीरेन्द्र व एनआरएस नरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अक्टूबर से नहीं मिला वेतन: सीटू



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। अनिल दौनेरिया, जिला महासचिव, सेन्टर आफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू जिला भिण्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री एक तरफ घोषणा करते हैं दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाने के लिए समस्त। शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं साहिकाओ आशाओं को वेतन मानदेय एरियर सहित भुगतान कर दिया जायेगा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तो दीपावली निकलने के बाद 20 नवंबर तक मानदेय नहीं मिला है और ना ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को किसी भी विभाग में एरियर का भुगतान किया गया है आशा उषा कार्यकर्ताओं को तो कोविड-19 ड्यूटी का आज तक प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिली है जबकि आंगनवाड़ी एवं आशा उषा कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को वेतन प्रोत्साहन राशि देने में कंजूसी बरत रही है अगर इनके भुगतान अतिशीघ्र नहीं हुए तो सीटू जिला कमेटी जिलाधीश कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी सीटू जिला कमेटी की मीटिंग देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में 20 11 2022 को सर्किट हाउस में संपन्न हुई सचिव रिपोर्ट अनिल दौनेरिया ने रखी जिसमें जय मारुति गैस सिलेंडर मालनपुर कारखाने में सीटू के प्रयासों से अस्थाई श्रमिकों का ड़800 एवं स्थाई श्रमिकों का ड़1000 पारिश्रमिक प्रति माह बढ़ाने का प्रबंधकों के बीच समझौता हुआ मीटिंग में निर्णय लिया गया सदस्यता कमेटियां गटन आंदोलन तीनों अभियान दिसंबर माह में तेज किए जाएंगे असंगठित मजदूरों को संगठित कर उनके हक और अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया जाएगा रोजगार गारंटी कानून में मजदूरी 230 से बढ़ाकर 600 प्रतिदिन करने की मांग भी की जाएगी

मीटिंग में मुख्य रूप से नरेंद्र सिंह सेंगर उदय सिंह श्रीवास प्रमोद पोद्दार देवेंद्र शर्मा अनीता कौशल सेवाराम कुशवाहा रामचंद्र भदौरिया श्रीकृष्ण वाल्मी किशन सिंह भदोरिया गोपाल गुप्ता डॉक्टर नदीम उपस्थित रहे मीटिंग में छात्रा नेहा जाटव एवं छात्र आर्यन शर्मा सीटू पीएचसी के नेता छदामी सिंह एवं हम्माल पल्लेदार प्रेम सिंह जाटव हरीराम शाक्य के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भोपाल चलने की अपील करने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सिंह यादव, कार्यकारी महासचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष नारायण शर्मा, शिशुपाल राणा, राजेंद्र सिंह कुशवाह, सचिव मुन्ना लाल कुशवाह, राजकुमार जाटव, राजेंद्र सिंह कुशवाह, नारायण सिंह माहौर, राकेश प्रजापति, आदि है।

# बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला हुई आयोजित एसआई स्मिता जायसवाल ने की छात्रों से चर्चा



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासन के निर्देशानुसार बाल संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इसी कड़ी में सोमवार को महाविद्यालय में बाल तस्करी से संबंधित कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में सिरोंज थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर स्मिता जायसवाल ने बाल अधिकार से संबंधित विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी दी। मानव तस्करी से संबंधित उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि विश्व में मानव तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। जिसकी अधिकतर शिकार कम उम्र की बच्चियां होती हैं जिन्हें वेश्यावृत्ति में झोंक दिया जाता है। तत्पश्चात उनके अंगों को भी बेच दिया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि कोई लड़का किसी लड़की को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फॉलो करता है तो आईपीसी की धारा 354(ष्ठ)के तहत कार्रवाई होगी। दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा का प्रावधान है। विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न बड़ी उत्सुकता से पूछे जिसका जवाब मैडम स्मिता ने बड़े ही सरल ढंग से दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह समय उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय है। उन्हें हमेशा अपने कैरियर के बारे में फोकस करना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर सीएस मौर्य,महेश भाबोर, डॉ कल्पना पंचोली, साधना कुमारी, रितु बघेल समर्थ निनामा ,शिव कुमार यादव, दीपक सोलंकी, नरेंद्र, डॉक्टर अवधेश पांडे, डॉ वसीम उल्ला खान, लोकेश टोपिया, डॉक्टर साकिर खान,जुगराज जाटव, डॉक्टर पूजा मिश्रा, विभा श्रीवास्तव, डॉ मनोज जैन, डॉ नारायण दास साहू, कल्पेश चौधरी, वीरेंद्र सेन ,क्रांति चौधरी, संघ प्रिय गौतम, रजनी चौहान, श्यामलाल बिजोले, वर्षा पटेल एवं बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर भगत सिंह पाल ने किया। अतिथियों का आभार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर महेश चंद्र परमार ने किया ।

# भारत जोड़ो उपयात्रा पहुंची सिरोंज, हुआ स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज - रीवा से शुरु हुयी भारत जोड़ों उपयात्रा सोमवार को सिरोंज पहुंची जहां पर ग्राम बगरोदा से शुरू हुयी भारत जोड़ो पदयात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुऐ पुराना बस स्टैण्ड पर पहुंची जहां आमसभा आयोजित कि गयी। आमसभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशंक जैन व भारत जोड़ो यात्रा जिला समन्वयक राकेश कटारे सहित कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों ने संबोधित किया जिसमें बताया कि राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इसदौरान भारत जोड़ो यात्रा विधानसभा समन्वयक गगनेन्द्र रघुवंशी ने सभी मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही छत्रीनाका चौराहा, चांदनी चौक, आदि जगह जगह भारत जोड़ों उपयात्रा का पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। इसदौरान सुरेश यादव, गगनेनद्र रघुवंशी, नरेन्द्र पाटीदार, जितेन्द्र बघेल, रजत गौड़, उमाकांत भारद्वाज, मनोहर शर्मा, अंसार खांन, राकेश यादव, रमाकांत शर्मा,अंकित भार्गव, अर्जुन राजपूत, बिलकिस जहां, जिला पंचायत सदस्य पार्वती रघुवंशी हेमंत राजपूत, वकील राजपूत, अशोक यादव, रामदुलारी पाठक, कमलेश कुशवाह, विजय पालीवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# निजी स्कूल संघ ने सिरोंज जिला बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। सिरोंज जिला बनाओ अभियान को लेकर जहां सामाजिक संगठन और राजनीतिक संगठनों के द्वारा लगातार ज्ञापन के माध्यम से आवाज उठाई जा रही है इसी कड़ी में सोमवार को मध्य प्रदेश प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ की सिरोंज इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर शर्मा के नेतृत्व में अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के संचालकों ने सिरोंज अनुविभागीय अधिकारी को मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सिरोंज को जिला बनाने की मांग की गई कहा सिरोंज क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है एवं मध्य प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ से सिरोंज क्षेत्र की जनता वंचित है सिरोंज क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए सिरोंज को जिला बनाया जाना आवश्यक हे इस तरह सिरोंज में वे सभी योग्यताएं मौजूद हैं जो जिला बनाने के लिए होना चाहिए। सिरोंज वासी लंबे समय से सिरोंज को जिला बनाने की मांग प्रमुखता के साथ कर रहे हैं। इसदौरान पंडित प्रशांत पालीवाल, नीलेश कुशवाह आदि अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के संचालक मौजूद रहे

# पत्रकार सागर कुमार मुंबई में बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड से हुए सम्मानित



**(हजारीबाग पुष्पांजली टुडे)।** समाजसेवा और समाजिक कार्यकर्ता की नई परिभाषा लिख रहे हैं रांची एक्सप्रेस अखबार के हजारीबाग ब्यूरो प्रमुख पत्रकार सह समाजसेवी युवा सागर कुमार को मुंबई में झारखंडी एकता संघ ने द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिरसा मुंडा रत्न अवॉर्ड -2022 से रविवार को सम्मानित किया गया।यह अवॉर्ड झारखंड के उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित बगोदर विधायक माननीय श्री विनोद सिंह जी और बरकट्ठा विधायक माननीय श्री अमित कुमार यादव जी के हाथों हुआ प्राप्त , रांची एक्सप्रेस अखबार के हजारीबाग ब्यूरो प्रमुख सागर कुमार को यह अवॉर्ड देश दुनिया में विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 14 अन्य हस्तियों के साथ मिला । सागर कुमार कोरोना काल में लोगों की मदद कर युवा समाजसेवी के रूप में उभरे हैं। कोरोना का सबसे भीषणतम समय अब बीत गया है लेकिन उस संकट के समय हजारीबाग जिले में जरूरतमंद लोगों को हर सहायता उपलब्ध कराने के साथ लोगों को अपनी पत्रकारिता की धार के साथ- साथ मल्टीमीडिया की मदद से सहयोग पहुंचाया। सागर मानते हैं की किसी भी उद्योग का हिस।

# एबीवीपी ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

## अभाविप झारखंड प्रदेश का 23 वा प्रांतीय अधिवेशन हजारीबाग में सोमनाथ भगत ( प्रदेश मंत्री अभाविप झारखंड), स्टेट हेड आनन्द शाही

हजारीबाग (पुष्पांजली टुडे)ः आज दिनांक 21 11 2022 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय न्यू समाहरणालय के समीप प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता को अभाविप के प्रदेश मंत्री श्री सोमनाथ भगत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री संजय मेहता, प्रांत के निजी विश्वविद्यालय कार्य के प्रमुख अमित चौबे ,प्रदेश महामंत्री नवलेश सिंह ने संयुक्त रूप से संबोधित किया,प्रेस वार्ता के माध्यम से अभाविप प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत ने बताया कि अभाविप शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा एवं अग्रणी छात्र संगठन है, ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र को लेकर छात्र समुदाय में राष्ट्रीयता की भावना, सामाजिक, संस्कृतिक, नेतृत्व क्षमता का विकास छात्रों में हो इस विश्वास के साथ विद्यार्थी परिषद विगत 74 वर्षों से कार्य कर रही है, साथी अभाविप झारखंड प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन झारखंड के स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष राज्य के अलग-अलग जिलों में होता चला आ रहा है, अत्यंत हर्ष के साथ आप सभी को बताना है कि इस बार अभाविप झारखंड प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन 24, 25 ,26, 27 दिसंबर 2022 को होना सुनिश्चित हुआ है, इस प्रांतीय अधिवेशन में झारखंड के 24 जिलों से लगभग 2000 प्रतिनिधि जिसमें छात्र छात्रा एवं शिक्षक उपस्थित रहने वाले हैं

वहीं पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य संजय मेहता ने बताया कि अधिवेशन में प्रांत पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी समेत समाज के गणमान्य लोग भाग लेने वाले हैं, पत्रकार वार्ता में निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे ने जानकारी दी कि इस अधिवेशन में ह्श्वक्क 2020 क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों, वर्तमान शैक्षणिक सामाजिक में विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विषयों पर गहन चिंतन मनन किया जाएगा, वहीं पत्रकार वार्ता में प्रदेश सहमंत्री नावलेश सिंह ने बताया कि अधिवेशन में विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक एवं सामाजिक विषयों पर प्रस्ताव लाए जाएंगे जिनको अनुमोदित कर केंद्र एवं राज्य सरकार को समाधान हेतु प्रेषित किए जाएंगे, साथ ही अधिवेशन में सभी प्रतिनिधियों की




उचित व्यवस्था, आवागमन की व्यवस्था, भव्य शोभायात्रा, प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है साथ ही अधिवेशन को सफल बनाने के लिए 500 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है मौके पर विभाग संयोजक दीपक देवराज, जिला संयोजक सोनू राय, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, नगर मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, विभावि लॉ कॉलेज अध्यक्ष रुद्र राज, निशांत अग्रवाल,तुषार सिन्हा, समय दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे

# व्रदह ग्राम पंचायत स्तरीय लोक कल्याण शिविर

**पुष्पांजलि टुडे विजय परिहार की रिपोर्ट**

माननीय कलेक्टर महोदय श्री अक्षय सिंह के निर्देशानुसार खोड सेक्टर जनपद पिछोर मैं लोक पंचायत नावली में शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना को ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूक किया विशेष रूप से आज का शिविर



कल्याण शिविर लगाया गया जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित जनपद पंचायत पिछोर सीओ श्री पुष्पेंद्र सिंह ब्यास एवं एपीओ नंदकिशोर शर्मा के द्वारा ग्राम लोगों को समग्र आईडी में सुधार एवं पात्रता पर्ची का लाभ लोगों को तुरंत दिया गया जिसमें 150 लोगों को लाभ मिला और श्री व्यास जी द्वारा बताया गया जिसमें एस सी एसटी एवं पात्र हितग्राही लोगों के जॉब कार्ड चालू करें एवं कर्मकार मंडल मैं पंजीकरण ज्यादा से ज्यादा करें जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजना से जुड़े और लोगों को योजना का लाभ दें जैसे खेत तालाब अनुपयोगी जमीन पर बनवाएं नंदन फलोद्यान नाडेप टांका , बायोगैस प्लांट कपिलधारा कूप निर्माण, ड्राई वाटर फॉल, सोफिट, मीनाक्षी तालाब, एस आर एल एम स्व सहायता समूह की हितग्राही महिलाओं को भी इन सारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिया जाए ष्टह्र साहब द्वारा सरपंच सचिव को निर्देश दिए की हर ग्राम में ऐसा कोई पात्र व्यक्ति इन सारी योजनाएं के लाभ से वंचित ना रहे और यह शिविर लगातार जनपद पिछोर में चलेगा जिसे प्रत्येक पंचायत के लोगों को योजना की जानकारी मिल सके और मजदूर वर्ग के लोगों को मजदूरी मिल सके मजबूरी 90 दिन पूर्व होने पर पात्रता पर्ची बन सके और श्री व्यास जी द्वारा बताया गया की यदि ग्राम पंचायत में सरपंच और सचिव चाहे तो हर एक ह्यष्-ह्यह्ल ओबीसी सामान्य पात्र हितग्राही व्यक्ति को 7 से 8लाख रुपए तक का लाभ मिल सकता है आज के शिविर में उपस्थित समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष श्री राकेश यादव जी एवं भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता मुन्नालाल साहू एवं सरपंच श्रीमती लक्ष्मी /हरि शंकर पाठक नावली श्री हरिराम जाटव सचिव ग्राम पंचायत खोड श्री प्रतिभा लोधी सचिव दरगुवा श्री कृष्ण पाल सिंह चौहान ग्राम पंचायत नागुली श्री ज्योति यादव बक्सर पुर राम बिहारी शर्मा चंदावली कप्तान सिंह गुर्जर नावली श्रीमंति अर्पिता गुप्ता सहायक सचिव नावली दिलीप तिवारी ग्राम पंचायत धौर्रा सर्व इंजीनियर इमरान खान एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता के साथ-साथ मानव धर्म और समाज सेवा भी निभा रहे हैं: विशाल भार्गव







**पत्रकार राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर। परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम अधम ना माहीं ट्ठ दूसरों की सेवा करना सबसे बड़ा संसार में धर्म है और दूसरे को कष्ट देना संसार में सबसे बड़ा धर्म है दुनिया में आए हैं तो मनुष्य के लिए सदैव एक दूसरे की सेवा ही करना चाहिए मनुष्य का जीवन बार-बार नहीं मिलता क्योंकि मनुष्य की देह धारणा के लिए देवता भी मानस रूप के लिए व्याकुल रहते हैं क्योंकि मनुष्य देह धारण करने के बाद देवता भी चाहते हैं की पृथ्वी लोक पर जाकर जनसेवा की जाए ऐसे ही हमारे वरिष्ठ पत्रकार नई दुनिया से विशाल भार्गव जी का कारनामा है केशव लोधी जो गवालियर से अपने बीमार बालक को देर रात वापस लेकर आए थे लेकिन जब गांव जाने के लिए कोई साधन नहीं मिला तो सर्दी के मौसम में मजबूरी में पेड़ के नीचे रात बिताने की ठानी लेकिन ईश्वर के लिए और कुछ करना था इसी क्रम में नई दुनिया से विशाल भार्गव गुजर रहे थे जब विशाल भार्गव जी ने केशव लोधी से सारी जानकारी ली इसके बाद उन्होंने तत्काल मानव धर्म को निभाते हुए अस्पताल में रुकने की व्यवस्था कराई जिससे जरूरतमंद परिवार ने सरलता से अपनी रात व्यतीत की साधुवाद भाई साहब नई दुनिया से केशव लोधी का सुपुत्र शीघ्र स्वस्थ हो ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की।

# पत्रकार सम्मान समारोह नगर परिषद रन्नोद में संपन्न हुआ

## क्षत्रिय विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने पत्रकार बंधुओं को किया सम्मानित

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

समस्त क्षेत्र से आए हुए समस्त पत्रकार बंधुओं का आज









नगर परिषद रन्नोद में क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र रघुवंशी के द्वारा समस्त पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्र से आए हुए पत्रकार बंधुओं का बड़े हर्ष और उत्साह से कार्यक्रम में सम्मानित किया गया इसी क्रम में पत्रकार बंधुओं में काफी उत्सह देखा पत्रकार बंधु सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समस्त पत्रकार बंधुओं ने कार्यक्रम में जाकर सम्मान समारोह सम्मिलित होकर कार्यक्रम को शुभा इन बनाया में पत्रकारों का सम्मान समारोह रखा गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकारों को आज विधायक जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर एवं सॉल देकर सम्मानित किया गया नगर परिषद रन्नौद की अध्यक्ष पति जमुना प्रसाद कुशवाहा और पार्षद नारायण सिंह कुशवाह विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश केवट जय पाल राय एवं पंकज भार्गव डॉ मोना कुशवाहा जिसमें कोलारस लुकवासा शिवपुरी रन्नौद से लेकर कई पत्रकार यहां उपस्थित रहे पत्रकारों द्वारा बताया गया की पत्रकारिता एक हर व्यक्ति के लिए बुरा भी लगता है और अच्छे के लिए अच्छा भी लगता है लेकिन कई पत्रकारो को बहुत ही कठिनाई का समय भी देखना पड़ता है और कुछ पत्रकार निडरता से काम करते हैं जो किसी से डरते नहींकोलारस विधानसभा के सम्मानीय पत्रकार ।

1.श्री हरीश भार्गव कोलारस,
2.श्री किरण शर्मा बदरवास,
3.श्री मुकेश रघुवंशी लुकवासा ,
4.श्री संजीव जाट बदरवास,
5.श्री जयपाल सिंह जाट कोलारस,
6.विजय शर्मा बदरवास,
7.विशोक व्यास लुकवासा,
8.मोनू प्रधान कोलारस,
9.जयकुमार झा रन्नौद,
10.दिलीप जैन कोलारस,
11.देवेन्द्र शर्मा बदरवास,
12.मुकेश गौढ कोलारस,
13 .राहुल शर्मा कोलारस,
14.शीलकुमार यादव बदरवास,
15. फरान काजी रन्नौद,
16.संजू शर्मा कोलारस
17.पिन्टू जैन रन्नौद
18.इमरान अली ड़ोलारस,
19.हरिओम परिहार रन्नौद,

# प्राचार्य टी.आर.मरकाम के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

## विदाई समारोह में पहुंचे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से आशीष पांडेय समाज सेवक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग-पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय देवभोग के प्राचार्य टी.आर.मरकाम के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित श्याम शंकर मिश्र के पुत्र स्वर्गीय राजेश पांडे के पुत्र आशीष पांडेय समाज सेवक ने कहा की शिक्षा के रूप मे गुरु भगवान का दूसरा भाग है,हमारे जीवन में गुरु का बहुत ब?ा योगदान है। जिन्हें कोई भी सफल इंसान भुला नहीं सकता,में भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि,आपकी आने वाली ि?दगी



स्वस्थ,खुशहाल और समृद्ध रहे। अगर जाने अनजाने मैं भी हम से कोई गलती हुई हो तो हमे माफ करे। यहां बैठे हम सभी लोग तहे दिल से आपका धन्यवाद करते है। समारोह में आशीष पाण्डेय,गौरी शंकर कश्यप,गजानन्द कश्यप,ओमप्रकाश बघेल,अध्यापक में निर्मला कंवर,वीणा ठाकुर,बसंत कुमार पटेल,युवराज सिंह जगत,हितेश कुमार,राकेश यादव,किशन साहू,त्रिवेणी साहू,जैतिका साहू, टुकेश्वरी साहू,युवराज साहू,दुर्गेश साहू,जगदीश कश्यप एवं अन्य स्टाफ इस विदाई कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# नवीन धान खरीदी केंद्र को लेकर किसानों और ग्रामीणों ने नेशल हाईवे 130 धुरवागुड़ी में धरना प्रदर्शन कर किया चक्काजाम

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम कंडेकेला के ग्रामीणों एवं किसानों के द्वारा आज सोमवार को सुबह 09 बजे से नवीन धान खरीदी केंद्र की मांग को लेकर नेशनल हाईवे 130 सी देवभोग रायपुर मार्ग में ध्रुवागुड़ी के पास चक्काजाम प्रारंभ कर दिया गया। किसानों द्वारा नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों और ग्रामीणों को समझाया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व ग्रामीण उपस्थित है।किसानों ने नहीं बेचा अब तक



धान -ः चक्काजाम में बैठे किसानों ने बताया कि उन्होंने अब तक भेजीपदर उपार्जन केंद्र में धान नहीं बेचना है.. किसानों के मुताबिक उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक नवीन धान खरीदी केंद्र काण्डेकेला में खुलने की मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे धान नहीं बेचेंगे.. किसानों के मुताबिक भेजीपदर में अस्थायी रूप से संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति को काण्डेकेला में वापस संचालित करने की उनकी मांग वर्षों पुरानी है.. वर्षों पुरानी मांग जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते आज तक पूरा नहीं हो पाया है..यहां बताना लाजमी होगा कि काण्डेकेला, गोलामाल, डेण्डूपदर और गुरजीभाटा के किसान अपनी मांग को लेकर स?क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे है।

## सम्पादकीय

# राहुल का कोई दोष नहीं

राहुल गांधी की अच्छी-खासी भारत-यात्रा चल रही है, लेकिन पता नहीं क्या बात है कि वक्त-बेवक्त उसमें वे पलीता लगवा लेते हैं। पहले उन्होंने जातीय-जनगणना के सोये मुर्दे को उठा दिया, जिसे उनकी माता सोनिया गांधी ने खुद दफना दिया था और अब उन्होंने महाराष्ट्र में जाकर वीर सावरकर के खिलाफ बयान दे दिया है। क्या उन्हें पता नहीं है कि विनायक दामोदर महाराष्ट्रियन थे और महाराष्ट्र के लोग उन्हें स्वांतर्त्य संग्राम का महानायक मानते हैं? स्वयं इंदिरा गांधी ने उन्हें महान स्वतंत्रता-सेनानी कहा है। राहुल ने ब्रिटिश सरकार को लिखे सावरकर के एक पत्र को उद्धृत करते हुए कहा है कि सावरकर ने अपने आप को अण्डमान की जेल से छुड़वाने के लिए ब्रिटिश सरकार से माफी मांगी और रिहा होने के बाद उसके साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। राहुल का कहना है कि सावरकर ने ऐसा करके गांधी, पटेल और नेहरु के साथ विश्वासघात किया और वे अंग्रेजों का साथ देते रहे। ऐसा कहने में मैं राहुल का कोई दोष नहीं मानता हूं। यह दोष उनका है, जो लोग राहुल को पट्टी पढ़ाते हैं। बेचारे राहुल को स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के बारे में क्या पता है? अंग्रेज के ज़माने के गुप्त दस्तावेजों का स्वाध्याय और अनुसंधान करना तो राहुल क्या, किसी पढ़े-लिखे नेता से भी उम्मीद नहीं की जा सकती लेकिन सावरकर पर इधर छपे 5-6 प्रामाणिक ग्रंथों को भी राहुल ने सरसरी नजर से भी देख लिया होता तो उन्हें पता चल जाता कि सावरकर और उनके भाई ने आजन्म जेल से छूटने के लिए ब्रिटिश सरकार को एक बार नहीं, कई बार चिट्ठियां लिखी थीं और वे हर कीमत पर जेल से छूटकर अंग्रेज के खिलाफ सशस्त्र क्रांति का षड़यंत्र रच रहे थे। यह बात मैं नहीं कह रहा हूं। लगभग 40 साल पहले नेशनल आर्काइव्ज़ के गोपनीय दस्तावेजों को खंगालने पर मुझे पता चला कि उनके माफीनामे पर प्रतिक्रिया देते हुए गवर्नर जनरल के विशेष अधिकारी रेजिनाल्ड क्रेडोक ने लिखा था कि सावरकर झूठी माफी मांग रहा है और वह जेल से छूटकर यूरोप के ब्रिटिश-विरोधी आतंकवादियों से हाथ मिलाएगा और सशस्त्र क्रांति के द्वारा ब्रिटिश सरकार को उलटाने की कोशिश करेगा। सावरकर को जेल से छोड़ने के बाद भी बरसों-बरस नजरबंद करके क्यों रखा गया? यदि सावरकर अंग्रेजभक्त थे तो महात्मा गांधी खुद उनसे मिलने लंदन के 'इंडिया हाउस' में क्यों गए थे? स्वयं गांधीजी ब्रिटिश-विरोधी तो 1916 में बने। 1899 में वे अफ्रीका के बोइर-युद्ध में अंग्रेजों के साथ दे रहे थे। उन्हें 'केसरे-हिंद' की उपाधि भी अंग्रेज सरकार ने दी थी। सावरकर उनके बहुत पहले से ही ब्रिटिश सरकार को उलटाने की कोशिश कर रहे थे? क्या वजह है कि मदाम भीकायजी कामा, सरदार भगतसिंह और सुभाषचंद्र बोस सावरकर के भक्त थे? यह ठीक है कि आप सावरकर और सुभाष बोस के सशस्त्र क्रांति के हिंसक तरीकों से असहमत हों लेकिन सावरकर को लांछित करने और अंग्रेजों को लिखे उनके पत्रों की मनमानी व्याख्या करने की तुक क्या है? यदि राहुल का सोच यह है कि इससे वे ज्यादा वोट कबाड़ सकेंगे तो उन्हें पता होना चाहिए कि महाराष्ट्र में आजकल उनका साथ देनेवाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को उन्होंने कितनी अधिक तकलीफ पहुंचाई है। सावरकर को नीचा दिखाकर भाजपा को हानि पहुंचाने की रणनीति कांग्रेस के लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है।

# आज का भविष्यफल

**मेष:** व्यवसायिक क्षमता अनुकूल है, किसी तनाव में विवादग्रस्त होने से बचें।

**वृषभ:** स्त्री-वर्ग से भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा कार्य संतोषप्रद होगा, ध्यान रखें।

**मिथुन:** सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व-वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष होगा।

**कर्क :** कार्यकुशलता से संतोष एवं नवीन योजना फलप्रद हो, रुके कार्य बन ही जायेंगे।

**सिंह:** मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि किन्तु अधिकारियों की उपेक्षा से कार्य हानि अवश्य होगी।

**कन्या** दैनिक कार्यों में सुधार, तत्परता से रुके कार्य निपटा लेवें, चिन्तामुक्त होंगे।

**तुला** तनाव, अशांति व कष्ट, घटनाग्रस्त होने से बचें, रुके कार्य निपटा लेवें, कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक** स्त्री-शरीर सुख, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, विरोध होगा, ध्यान अवश्य रखें।

**धनु** स्वभाव में उद्विघ्नता, क्लेश, मन अशांति से बचें, कार्य अवरोध अवश्य होगा।

**मकर** सफलता के साधन जुटायें, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, समय का ध्यान अवश्य रखें।

**कुंभ** विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक-विभ्रम व उद्विघ्नता से आप अवश्य बचेंगे।

**मीन** किसी तनाव व क्लेश से बचें, मानसिक उद्विघ्नता बनेगी, परेशानी होगी, ध्यान दें।

# यादों के डाकिये

लेखक-रमेश सर्राफ धमोरा

विश्व डाक दिवस पर विशेष

सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान। निदा फाजली के इस शेर से डाक विभाग के महत्व को समझा जा सकता है। फाजली जी ने जब ये शेर लिखा था उस वक्त देश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक लोगों के संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी किसी को खुशी का समाचार देती थी तो किसी को गम का। मगर आज नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथ से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान होने लगा है।

पहले डाक विभाग हमारे जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया डाक का थैला लेकर आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आ जाये। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो सभी लोग अपनी या अपने पड़ौसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से सम्भलवाते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालो से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी प?ने लिखने वाले बच्चों को ईनामस्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे। इसी लालच में बच्चे ज्यादा से ज्यादा चिट्ठियां पहुंचाने का प्रयास करते थे।

> पहले डाक विभाग हमारे जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया डाक का थैला लेकर आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आ जाये। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो सभी लोग अपनी या अपने पड़ौसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से सम्भलवाते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी।

उस वक्त गांवो में बैक शाखा भी नहीं होती थी। इस कारण बाहर कमाने गये लोग अपने घर पैसा भी डाक में मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते थे। मनीआर्डर देने डाकिया स्वयं प्राप्तकर्ता के घर जाता था व भुगतान के वक्त एक गवाह के भी हस्ताक्षर करवाता था। इसी तरह रजिस्टर्ड पत्र देते वक्त भी प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर करवाये जाते थे। डाक विभाग अतिआवश्यक संदेश को तार के माध्यम से भेजता था। तार की दर अधिक होने से उसमें संक्षिप्त व जरूरी बाते ही लिखी जाती थी। तार भी साधारण, जरूरी होते थे। जरूरी तार की दर सामान्य से दुगुनी होती थी।

उस वक्त पत्रकारिता में भी जरूरी खबरे तार द्वारा भेजी जाती थी जिनका भुगतान समाचार प्राप्तकर्ता समाचार पत्रो द्वारा किया जाता था। इस बाबत समाचार पत्र का सम्पादक जिलो में कार्यरत अपने संवाददाताओं को डाक विभाग से जारी एक अधिकार पत्र देता था जिनके माध्यम से संवाददाता अपने समाचार पत्र को बिना भुगतान किये डाकघर से तार भेजने के लिये अधिकृत होता था। 15 जुलाई 2013 से सरकार ने तार सेवा को बन्द कर दिया। फोन से पहले दशकों तक दूर तक संदेश भेजने के दो ही जरिए थे चिट्ठी और तार।

आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द से ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है। वर्तमान में डाक विभाग का एकाधिकार लगभग खत्म हो गया है। यही कारण है कि डाक विभाग दुनिया भर में अब कई नयी तकनीकी सेवाओं से जुड़ रहा है।

9 अक्तूबर को पूरी दुनिया में विश्व डाक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। वर्ष 1969 में टोकियो, जापान में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी। एक जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा। विश्व डाक दिवस का मकसद आम आदमी और कारोबारियों के रोजमर्रा के जीवन समेत देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है।

बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनियाभर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नयी तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है और डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाक घरों द्वारा मुहैया करायी जानेवाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। दुनियाभर में इस समय 55 से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भविष्य में पोस्टल ई-सेवाओं की संख्या और अधिक बढ़ायी जायेगी। दुनियाभर में पोस्ट ऑफिस से संबंधित इन आंकड़ों से हम इसे और अधिक स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। डाक विभाग से 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है।

# राष्ट्रपिता तुम्हें प्रणाम

अमेरिका के राष्टपति श्री ट्रंप न केवल दुनिया में बल्कि अमेरिका में भी एक अविश्वसनीय- गैर जिम्मेदार और कमोवेश मूर्ख व्यक्ति माने जाते है। यद्यपि वह अपने राजनैतिक स्वार्थे के प्रति सदैव सजग रहते है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा में ÷हाउडी मोदी÷ के नाम से ह्यूस्टन में जलसा प्रायोजित किया गया था। इसका उद्देश्य एक तरफ भारत में श्री मोदी को वैश्विक नेता बताने और इस प्रकार की छवि निर्माण करने का उद्देश्य था दूसरी तरफ आगामी चुनाव में भारतीय मतदाताओं को ट्रंप के पक्ष, में करना था, चूंकि श्रीमति तुलसी गेवार्ड उनके विरूद्ध प्रत्याशी है, और वे भारतीय मूल की हिन्दू महिला है। इसलिए ट्रंप के लिए भारतीय मतदाताओं का समर्थन कठिन हो सकता था ÷हाउडी मोदी÷ के माध्यम से इस चुनावी संकट से पार पाने का कुछ प्रयास श्री ट्रंप ने किया है।

मोदी के माध्यम से भारतीय मतदाताओं का समर्थन पाने के लिये श्री ट्रंप इतने उत्साहित हो गए कि उन्होंने श्री मोदी को ÷फादर ऑफ इंडिया÷ घोषित कर दिया। किसी व्यक्ति को देश याने भौगोलिक इकाई का पिता मानने या न मानने का और घोषित करने या न करने का अधिकार उस देश के निवासी नागरिकों का होता है। महात्मा गाँधी को राष्टपिता का पहला संबोधन, नेता जी श्री सुभाष चंद्र बोस ने किया था जिसे पहले देश ने फिर दुनिया ने स्वीकार किया। अगर ट्रंप ने श्री मोदी को फादर ऑफ अमेरिका या फादर ऑफ ट्रंप घोषित किया होता तो वह उनका व्यक्तिगत अधिकार था, परन्तु किसी दूसरे देश के बारे में, अपने स्वार्थ के लिए ऐसी टिप्पणी करना तो उस पद के लिए घोषित व्यक्ति को भी छोटा या हल्का बनाना है। राष्टपिता जैसी उपाधि कोई संवैधानिक उपाधि नहीं है, बल्कि यह जन स्वीकारिता पर निर्भर करती है। अगर उस दिन श्री नरेन्द्र मोदी स्वत- इसका खंडन करते और विनम्रता पूर्वक कहते की ÷भारत में एक ही राष्ट पिता है और वह है महात्मा गाँधी÷ तो श्री नरेन्द्र मोदी का कद भारतीयों के मन में और ऊँचा हाता। पर उनकी चुप्पी और प्रसन्नता ने न केवल उन्हें देश में लोलुप सिद्ध किया है, बल्कि हास्य का पात्र बना दिया है। आचार्य धर्मेंद्र जैसे कट्टर मानसिकता और गाँधी विरोधी लोग यदा कदा महात्मा गाँधी को राष्टपिता कहने पर इस आधार पर आपत्ति करते रहे है एक व्यक्ति सवा सौ करोड़ लोगों का पिता कैसे हो सकता है? शायद ही अब वे इस मोदी के मामले पर जबान खोले और कहें एक व्यक्ति एक सौ तीस करोड़ लोगों का पिता कैसे हो सकता है। वे और उनके जैसे लोग इतने तो समझदार है, जानते है कि श्री नरेन्द्र मोदी के विरूद्ध बोलने या उनकी नाराजगी का क्या अर्थ होता है? श्री आसाराम, राम रहीम, रामपाल जैसा शायद वे नहीं बनना चाहेंगे। अभी तक राष्टीय स्वयं सेवक संघ में सर्वेच्च पद सर संघ संचालक का होता रहा है। इस पद को संघ के लोग सम्मान पूर्वक या योजना पूर्वक परम पूज्यनीय कहते रहे है। श्री ट्रंप ने श्री मोदी और संघ के बीच एक संकट खड़ा कर दिया है। और भाजपा सरकार तथा संघ के रिश्तो पर तनाव का संकट खड़ा कर दिया है। अब या तो श्री मोहन भागवत और संघ के लोगों को श्री मोदी को फादर ऑफ इंडिया कहने या मानने से इंकार करना होगा या फिर अपने पिता के पैर छूना होगा। इस ट्रंप जनित नैतिक व व्यवहारिक संकट का हल संघ कैसे निकालेगा यह उन पर ही निर्भर है हालांकि संघ का योजना कौशल निर्विवाद हैं। वैसे ट्रंप ने जाने अनजाने इतना तो अच्छा किया की मोदी को ÷फादर ऑफ इंडिया÷ कहा। दरअसल इंडिया और राष्ट के बीच में मौलिक फर्क है। इंडिया केवल देश के आबादी के 15-20 प्रतिशत लोगों का पर्याय है जो अंग्रेजी दा व पाश्चात्य सभ्यता के पोषक है। पूँजीपति है, कारपोरेट है, और शोषण के पर्याय है। भारत देश की उस 85 प्रतिशत आबादी का पर्याय है जो भारतीय भाषाओं को जानती बोलती है-जो किसान है-मजदूर है-अनुसूचित जाति-जन जाति-पिछड़े व गरीब है, और जो मेहनत कश है। पर दूसरे के श्रम की लूटने वाले नहीं है। महात्मा गाँधी इस भारत के राष्टपिता हैं, और ट्रंप के मोदी उस कारपोरेट जगत के पिता है जो सत्ता की ताकत के माध्यम से कारपोरेट्स को, पूंजीपतियों को और मीडिया के मालिकों को बनाते मिटाते है। श्री ट्रंप ने उन्हें ÷फादर ऑफ इंडिया÷ कहकर उन 10-15 प्रतिशत लोगों का पर्याय और पिता बता दिया है जो भारतीय सभ्यता पर विश्वास नहीं करते। जो अमेरिका और पश्चिम की पूंजीवादी सभ्यता को अपना आदर्श मानते है। दरअसल इंडिया, भारत रूपी विशाल राष्ट का एक बदनुमा दाग जैसा है। जिस प्रकार सुंदर शरीर पर एक छोटा सा निशान बदनुमा बन जाता है। वह तो महात्मा गाँधी ही थे, कि ÷अगर उन्हें कोई फादर ऑफ इंडिया कहता तो वे उसे तत्काल हिम्मत के साथ नकार देते और कहते की इस गुलामी के इंडिया को मिटाओ और आजादी का भारत बनाओ। ÷परन्तु वे महात्मा गाँधी थे, इसलिए ऐसा कर सकते थे, परन्तु ये मोदी है, जिनसे यह उम्मीद करना बेकार है।

वैसे भी श्री मोदी देश के मामूली से अल्पमत के नुमाइंदे है, चूंकि चुनाव प्रणाली में, जीत-हार कई प्रकार के कारणों पर निर्भर करती है जिसमें कई बार मामूली मतों के अंदर से भी संसदीय संख्या बड़ी हो जाती है। उन्हें 2019 के चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं का 40 प्रतिशत से कुछ अधिक मत मिला है। अगर इसे देश के कुल मतदाताओं की कसौटी पर रखा जाए तो देश के कुल मतदाताओं का यह लगभग 31 प्रतिशत होता है। फिर जो एन.डी.ए. के घटक दल है जैसे जद यू, लोक जनशक्ति अपना दल आदि के भाजपा को स्थानान्तिरित वोटों की गणना की जाए तो वह भी 4-5 प्रतिशत होंगे। तथा भारतीय जनता पार्टी में, जो मोदी विरोधी तबका है अगर उसकी निजी मत शक्ति की गणना की जाए तो वह लगभग 2 प्रतिशत होगी, यानि श्री मोदी वास्तव में देश के 24 प्रतिशत लोगों के ऐच्छिक नुमाइंदे है, 76 प्रतिशत लोग इसमें उनकी पार्टी के लोग भी शामिल है। जो न उन्हें अपना नेता मानते है, न पिता। देश एक भौगोलिक इकाई होती है और राष्ट एक व्यापक, भौगोलिक, एवं सांस्कृतिक इकाई होती है। ÷इंडिया÷ अंग्रेजी हुकूमत के द्वारा खींची रेखाएं हैं, और भारत एक विशाल और व्यापक स्वाभाविक इकाई है, जो ÷अंग्रेजी इंडिया से÷ बहुत बड़ी व व्यापक है। अच्छा हुआ कि ट्रंप की जबान नहीं फिसली और उन्होंने श्री मोदी को ÷फादर ऑफ इंडिया÷ शब्द का ही इस्तेमाल किया।

# जीवन का आनंद

भौतिक संपदा से मिले पलभर का सुख,
बड़े ही गहरे यहां मिलते हैं दुख,
झमेलों में पड़ जिंदगी बीत जाती,
कटघरे में खड़ा इंसान गले से दबाती,
धन न्यून हो चाहे अधिक,
जिंदगी नहीं होती सुकून के सम्मुख,
दुनिया की दौड़-धप से तोड़ अब सबंध,
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।
मन के घोड़े बिना लगाम न दौड़ाओ,
कष्ट भरे बादल ज्यों न मंडराओ,
अरे चंचल मन सुन मधुर धुन,
समेटकर दुख प्रकृति का संगीत सुन,
तार खुशी के अंतरात्मा से देंगे सुनाई,
लगोगे समझने पीड़ पराई,
श्रृंगार प्रकृति का करता है दंग
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।
रहना सदा परोपकारी में ही मगन,
जाएगा मिट जो फैला दुख सघन,
गिर कर उठना उठकर चलना,
गति न टूटे चाहे पैरों छाले पड़ना,
पहाड़ों पर रुई सी बर्फ है गिरती,
जंगलों से हरी-भरी यह सुंदर धरती,
कल्पना अधूरी बिना सूर्य और चंद,
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।
कहीं समुद्र तो कहीं बहती नदियां,
कई रूप रंगों में बीती ये सदियाँ,
घटते हैं प्रकृति में कई खेल निराले,
घूम रहे यहां योगी बनकर मतवाले,
निकालकर समय प्रकृति को निहार,
निभाते रहना प्रकृति प्रेमी का किरदार,
शांत वातावरण से ही मिटेगा द्वंद,
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।
चांदनी रात में चमकती वनस्पतियां,
शांत दिखती है कुदरत की संपत्तियां,
दिन निकलते हो जाती चहल -पहल,
दिखते हैं कई खंडहर हुए महल,
कई बार देखे पतझड़ और बसंत,
ईश्वर की सीमा का नहीं कोई अंत,
प्रकृति में बिखरती चारों और सुगंध
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।
छोड़ काम क्रोध लोभ मोह अहंकार,
प्रकृति से जुड़े रहना यही संस्कार,
करके कुछ हासिल करता चल भला,
दुखों को उतारकर मिटाता चल कलह,
सोच जिंदगी में अब तक क्या पाया,
कलुषित मन को न कभी नहलाया,
समय है उतार अब विचारों की दुर्गंध,
प्रकृति से मिलेगा जीवन का आनंद।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# साड़ियों को रखना है नया जैसा, तो करें कुछ बेहतरीन उपाय



साड़ियां महिलाओं की अलमारी का मुख्य हिस्सा होती हैं और इनमें कॉटन, सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन और नेट की साड़ियां सबसे खास हैं। जब भी महिलाएं किसी शादी के फंक्शन में शामिल होती हैं तो उनकी पहली पसंद खूबसूरत साड़ियां ही होती है। हालांकि कुछ साड़ियां काफी महंगी होती हैं और इनके रखरखाव पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। चलिए फिर आज तरह-तरह की साड़ियों के रखरखाव के तरीके जानते हैं।

## कॉटन की साड़ी को धोने और स्टोर करने का तरीका

कॉटन की साड़ी को धोने के लिए सबसे पहले एक बाल्टी को हल्के गर्म पानी से भरें और इसमें काला नमक मिलाएं। अब साड़ी को 10-15 मिनट के लिए इस मिश्रण में भिगोकर रख दें। इसके बाद साड़ी को माइल्ड डिटर्जेंट और पानी से धोकर छाया में सुखा दें। ध्यान रखें कि कॉटन की साड़ी अन्य सभी कपड़ों से अलग धोनी है। अंत में साड़ी को ऐसी अलमारी में स्टोर करके रखें जो नमी और सीधी धूप से रहित हो।

## सिल्क की साड़ी का इस तरह करें रखरखाव

अगर आप चाहते हैं कि आपकी सिल्क की साड़ी हमेशा नई बनी रहे तो इसे धोने की बजाय हमेशा ड्राई क्लीन कराएं। इसके अलावा सिल्क की साड़ी को अन्य फैब्रिक की साड़ियों के साथ रखने से बचें और इसे हमेशा एक शुद्ध सूती या मलमल के कपड़े में लपेटकर ही अलमारी में स्टोर करके रखें। इसी के साथ हमेशा हल्की गर्म आयरन से ही सिल्क की साड़ी को प्रेस करें और इस दौरान साड़ी पर पानी का छिड़काव न करें।

## शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों का ऐसे करें रखरखाव

बहुत सी महिलाएं शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों को धोते समय गलती कर बैठती हैं जिससे इन साड़ियों के जल्द खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप अपनी शिफॉन और जॉर्जेट की साड़ियों को ठंडे पानी और माइल्ड डिटर्जेंट के इस्तेमाल से और हल्के हाथों से रगड़ते हुए धोएं। इसके बाद इन साड़ियों को किसी हवादार जगह पर फैलाकर सुखाएं।

और जब ये सूख जाएं तो इनकी तह बनाकर अलमारी के किसी खांचे में अलग रखें।

नेट की साड़ी के रखरखाव का तरीका

## ग्लोइंग स्किन के लिए कर सकते हैं गोजी बेरी का सेवन



त्वचा की सूजन को कम करता है - इसमें उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं. गोजी बेरीज त्वचा की सूजन कम करने में मदद करता है. इसके अलावा, गोजी बेरी में मौजूद फैटी एसिड त्वचा के लिए लाभकारी होता है. ये त्वचा पर निखार लाने में मदद करता है. महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करता है - गोजी बेरी में अमीनो एसिड और अन्य आवश्यक मिनरल होते हैं. ये त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से त्वचा को बचाते हैं. गोजी बेरीज त्वचा कोशिकाओं में कोलेजन और इलास्टिन उत्पादन को बढ़ावा देकर त्वचा को हेल्दी रखते हैं.

**निशान को कम करता है** - गोजी बेरीज त्वचा के भीतर मेलेनिन में सुधार करते हैं जो मुंहासे के पीछे छोड़े गए निशान को कम करने में मदद करता है. गोजी बेरी का सेवन नई त्वचा कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देकर त्वचा को मुलायम और ग्लोइंग बनाता है.

**यूवी किरणों से त्वचा को बचाता है** - लंबे समय तक धूप में रहने से टैनिंग और त्वचा की अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है. गोजी बेरी का सेवन क्षतिग्रस्त त्वचा को ठीक कर सकता है क्योंकि इसमें बीटा कैरोटीन अधिक मात्रा में होता है।

त्वचा के हाइड्रेशन को बढ़ाता है - गोजी बेरीज में अमीनो एसिड होते हैं जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं. ये आपकी त्वचा को नमीयुक्त रखता है।

ये सुपरफूड एंटी-एजिंग लाभों को बढ़ावा देता है. ये

# सर्दियों में मूली का उपयोग जरूर करें



मूली का उपयोग सब्जी और सलाद के रूप किया जाता है लेकिन इसका पत्ते में भी कई प्रकार का पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें कैलशियम, फोलिक, एसिड, विटामिन सी आदि तत्व पाए जाते हैं।

मूली के पत्ते विटामिन ए, विटामिन बी, सी के साथ ही क्लोरीन, फास्फोरस, सोडियम, आयरन, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं जो आपके पेट के लिए काफी फायदेमंद होते हैं।

मूली के पत्तों का प्रयोग आप सब्जी या पराठे बनाने में कर सकते हैं। इसका सेवन करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा होता है और थकान महसूस नहीं होती।

पाइल्स यानि बवासीर के रोगियों के लिए मूली एवं इसके पत्तों की सब्जी खाना बेहद फायदेमंद होता है। रोजाना इसके प्रयोग से आपकी समस्या समाप्त हो सकती है।

इसमें सोडियम होता है और यह शरीर में नमक की कमी को पूरा करता है, इसलिए लो ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए भी यह बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंथेकाइनिन दिल के लिए फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर भरपूर होता है इसलिए यह कब्ज से राहत देता है। वहीं इसके रस को पानी और मिश्री के साथ पीने पर पीलिया रोग में लाभ मिलता है। इतना ही नहीं यह बालों का झड़ना भी कम करता है।

## सर्दियों में खाएं टमाटर, भगाए रोगों को दूर

टमाटर का अधिक मात्रा में सेवन करने से लिवर कैंसर का खतरा कम होता है। एक नये अध्ययन के अनुसार टमाटर का अधिक सेवन करने से लिवर कैंसर होने का खतरा कम होता है। टमाटर में लाइकोपीन नाम का एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लामेट्री और कैंसर को नष्ट करने वाले गुण पाए जाते हैं। टमाटर में मौजूद इन सभी चीजों से लिवर की सूजन, कैंसर का खतरा और अन्य समस्याएं खत्म होती हैं। कच्चे टमाटर के साथ टमाटर की सॉस, केचअप और टमाटर से बने प्रोडक्ट्स में लाइकोपीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

उन्होंने आगे बताया, लिवर कैंसर से सुरक्षित रखने में टमाटर का पाउडर बहुत अहम भूमिका निभाता है। कच्चे टमाटर में विटामिन-ई, विटामिन-सी, फोलेट, मिनरल्स, फिनोलिक कंपाउंड और डायट्री फाइबर पाए जाते हैं।

अध्यान में पाया गया कि टमाटर के शरीर में सूजन पैदा करने वाले बैक्टीरिया की ग्रोथ नियंत्रण में रही। इस अध्ययन में शामिल किये गये चूहों को लिवर कार्सिनोजेन से संक्रमित किया गया। इसके बाद उन्हें हाई फैट डाइट दी गई थी।

# पीठ के निचले हिस्से में दर्द होने पर इन बातों का रखें खास ध्यान

पीठ के निचले हिस्से में दर्द होना एक आम बात है, लेकिन यह दर्द काफी असहनीय होता है और इसके कारण उठने-बैठने में भी दिक्कत होने लगती है। यह दर्द खराब जीवनशैली, मांसपेशियों में खिंचाव और कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी के कारण हो सकता है। हालांकि, अगर आप कुछ सामान्य बातों का अच्छे से ध्यान रखते हैं तो पीठ के निचले हिस्से के दर्द से छुटकारा पा सकते हैं या फिर इससे बचे रह सकते हैं।



## हर समय न लेटें

अगर कोई व्यक्ति पीठ के निचले हिस्से के दर्द से ग्रस्त होता है तो वह इस चक्कर में बिस्तर पर लेटे-लेटे ही अपना काफी समय निकाल देता है और कोई भी काम नहीं करता है। हालांकि, ऐसा करने से पीठ के निचले हिस्से का दर्द कम होने की बजाय बढ़ सकता है। इसलिए जब भी आपकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द हो तो आप थोड़ी बहुत गतिविधियां जरूर करें।

## शारीरिक पॉश्चर को ठीक रखें

खड़े होते, बैठते और सोते समय शारीरिक पॉश्चर सही हो तो इससे पीठ के निचले हिस्से का दर्द दूर हो सकता है। दरअसल, गलत शारीरिक पॉश्चर से भी पीठ के निचले हिस्से का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए हमेशा सीधे खड़े हों और किसी भी जगह पर बैठते समय अपनी पीठ को सीधा रखें। इसी के साथ एक ही पोजिशन में लंबे समय तक बैठने से भी बचें। वहीं, टेढ़ा-मेढा सोने की बजाय आराम मुद्रा में सोएं।

## वार्मअप जरूर करें

अगर आप पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कोई भी एक्सरसाइज करने वाले हैं तो इससे पहले वार्मअप करना न भूलें। दरअसल, अगर आप सीधा ही एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं तो पीठ के निचले हिस्से का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए वर्कआउट सेशन की शुरूआत हमेशा कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज और वार्मअप से करें। ऐसा करने से पीठ के निचले हिस्से में होने वाला दर्द जल्द दूर होगा।

## सही गद्दे पर सोएं

अगर आपके बिस्तर के गद्दे काफी ज्यादा कठोर हैं तो इससे आपकी पीठ के निचले हिस्से पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे दर्द बढ़ सकता है।

इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने बिस्तर के लिए ऐसे गद्दों का चयन करें जिन पर सोने पर आपकी पीठ को आराम मिले। इसका मतलब गद्दा ऐसा होना चाहिए जो न ज्यादा कठोर हो और न ही ज्यादा नरम हो। इसके लिए कॉटन मैट्रेस को प्रभावी माना जाता है।

## हीरा मंडी में नजर आएंगी आलिया? भंसाली के साथ फ्री में काम करने को तैयार



निर्देशक संजय लीला भंसाली ने ना सिर्फ निर्देशक, बल्कि निर्माता और संगीत निर्देशक के तौर पर भी अपनी सिनेमाई समझ का परिचय दिया है। खूबसूरत कहानियों के जरिए बॉलीवुड में उन्होंने अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। शायद यही वजह है कि बॉलीवुड का हर छोटा-बड़ा कलाकार उनके विजन का हिस्सा बनना चाहता है। अब आलिया भट्ट को ही ले लीजिए, जो गंगूबाई काठियावाड़ी में भंसाली के साथ काम कर उनकी मुरीद हो गई हैं।

सूत्रों को मिली जानकारी के मुताबिक आलिया भट्ट ने संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी में काम करने की इच्छा जाहिर की थी। सूत्र ने बताया, आलिया ने भंसाली से कहा था कि किरदार चाहे कोई भी हो, चलेगा। वह हीरा मंडी में मुफ्त में काम करने को तैयार हैं। हालांकि, भंसाली ने आलिया के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि उन्हें उनकी मार्केट वैल्यू के हिसाब से ही फीस दी जाएगी।

हीरा मंडी में सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस वेब सीरीज में कुल सात एपिसोड हैं। इसके पहले एपिसोड का निर्देशन खुद भंसाली करेंगे और बाकी एपिसोड के निर्देशन की जिम्मेदारी विभु पुरी को दी गई है। इससे पहले भंसाली इस सीरीज में केवल प्रोड्यूसर की भूमिका निभाने वाले थे। हीरा मंडी भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

# स्ट्रेचिंग करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, लग सकती है चोट



इस बात में कोई दो राय नही हैं कि स्ट्रेचिंग करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन स्ट्रेचिंग का लाभ तभी मिलता है जब इसे सही तरह से किया जाए। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि लोग स्ट्रेचिंग के दौरान अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते है जिससे उनकी सेहत को लाभ की जगह नुकसान हो जाता है। चलिए फिर स्ट्रेचिंग से जुड़ी ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में जानते हैं।

**स्ट्रेचिंग का तरीका सही न होना:** किसी भी चीज की आधी-अधूरी जानकारी नुकसानदायक हो सकती है और यही बात स्ट्रेचिंग पर लागू होती है। दरअसल, कई लोगों को स्ट्रेचिंग की पूरी जानकारी नहीं होती और वे गलत स्ट्रेचिंग करते हैं जिससे उन्हें चोट लगने की भी संभावना हो सकती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आपको जिस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, उसे किसी एक्सपर्ट की निगरानी में ही करना सुनिश्चित करें ताकि आपको कोई चोट न लगे।

**स्ट्रेचिंग के समय पर ध्यान न देना:** अगर आपने स्ट्रेचिंग का समय निर्धारित नहीं किया है तो यह आपकी सबसे बड़ी गलती है। स्ट्रेचिंग से अधिकतम लाभ पाने के लिए इसका समय निर्धारित करने की जरूरत है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अगर जल्दबाजी में स्ट्रेचिंग की जाए तो इससे शरीर में झटका आने या फिर इंजरी होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं, अत्याधिक स्ट्रेचिंग करने से भी बचें क्योंकि इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है।

**वार्मअप न करना-** वार्मअप देखने में भले ही एक छोटी चीज लगती हो, लेकिन किसी भी तरह की एक्सरसाइज या फिर योगासनों के अभ्यास से पहले इसे करना बेहद जरूरी माना जाता है। खासतौर पर स्ट्रेचिंग से पहले क्योंकि कोल्ड मसल्स के साथ कभी भी स्ट्रेचिंग नहीं करनी चाहिए। इसलिए बेहतर होगा कि आप लाइट एक्टिविटी या वार्मअप करने के बाद स्ट्रेचिंग करें। आप चाहें तो वार्मअप के तौर पर कुछ मिनट जॉगिंग या साइकलिंग आदि कर सकते हैं।

## सोनी सिंह की बिग बॉस में दोबारा एंट्री पर नजर



अभिनेत्री सोनी सिंह, जो वर्तमान में हीरो-गायब मोड ऑन में नजर आ रही हैं, सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस में फिर से प्रवेश करना चाहती हैं। वह कहती है, मैं बिग बॉस के 8वें सीजन के दौरान थी और लगभग एक महीने के बाद बाहर हो गई थी। उस समय मैं शो के लिए ज्यादा तैयार नहीं थी। मैं सभी के लिए अच्छी थी और खुद को व्यक्त नहीं कर सकती थी या इसके लिए स्टैंड नहीं ले सकती थी। मैं संबंध बनाने में व्यस्त थी और सभी के लिए अच्छी थी। मैं शो में फिर से प्रवेश करना चाहती हूं और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना चाहती हूं। बनू मैं तेरी दुल्हन, घर की लक्ष्मी बेटियां, लागी तुझसे लगन जैसे कई अन्य लोकप्रिय शो में पर्दे पर ग्रे-शेड भूमिकाएं निभाने के लिए लोकप्रिय अभिनेत्री का मानना है कि वह इस शो में मनोरंजक हो सकती हैं।

# अंतर विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा और अधिकारियों को दिए निर्देश

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने इस सोमवार को आयोजित अंतर विभागीय समन्वय बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा पत्र और अन्य समसामयिक विषय पर चर्चा की। बैठक में गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई और कहा कि शिवपुरी में गौरव दिवस का आयोजन किया जाना है। इसके लिए तिथि निर्धारित कर तैयारी करें। इसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी रहेगी। गौरव दिवस के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा जिले की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तिथि निर्धारित कर महाअभियान चलाएं। खाद्य वितरण व्यवस्था को लेकर सहकारिता व कृषि विभाग को संयुक्त भ्रमण करने के प्रदेश दिए हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह



ने बैठक में उपस्थित समस्त एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा है कि यदि मध्यान भोजन के समूहों द्वारा भोजन वितरण नहीं किया जा रहा है तो उन पर कार्रवाई करें। समस्त एसडीएम अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानों और मध्यान भोजन से जुड़े समूह के साथ बैठक करें जिनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उन्हें नोटिस जारी करें और कार्यवाही करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अडॉप्ट इन आंगनवाड़ी अभियान के तहत आंगनबाड़ी को गोद लिया गया है। सभी आंगनबाड़ी पर गोद लेने वाले व्यक्ति का नाम और मोबाइल नंबर लिखवायें। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को दो दिवस में यह कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में निरीक्षण पंजी रखें। इसके अलावा बैठक में खाद्य वितरण व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंती मैं दिनांक 21 नवंबर 2022 को महारानी लक्ष्मी बाई जयंती तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**पिछोर।** भौती दिनांक 19 नवंबर को चित्रकला प्रतियोगिता द्वारा महापुरुषों की चित्रकला अपने विद्यालय एवं नगर के अन्य विद्यालयों में संपन्न कराई। एवं दिनांक 20 नवंबर को विद्यालय में भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें अपने विद्यालय एवं नगर के अन्य सभी विद्यालयों के भैया बहन उपलब्ध रहे। एवं दिनांक 21 नवंबर को नगर में विशाल शौर्य यात्रा एवं विद्यालय में मात्र गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अपने विद्यालय की भैया बहन एवं अन्य विद्यालयों के भैया बहन भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ जन एवं सभी माताएं बहने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में हमारे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रश्मि भट्ट समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम राजोरिया महिला मोर्चा अध्यक्ष, एवं श्रीमती पूनम सोनी



भाजपा जिला उपाध्यक्ष, एवं श्रीमती दीपमाला शर्मा बालिका शिक्षा की विभाग प्रमुख, एवं श्रीमती ज्योति भट्ट समाजसेवी, अतिथि विद्यालय में उपस्थित रहे एवं दीनदयाल उपाध्याय शिक्षा प्रसार उपसमिति के सभी पदाधिकारी व्यवस्थापक श्रीविवेक जी कंथरिया, अध्यक्ष श्रीअजीत जी जैन, नगर के सरपंच, एवं संघ के सभी कार्यकर्ता गण, एवं भौंती नगर के थाना प्रभारी श्री संजय जी मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती यामिनी कोहली, उपलब्ध रही। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों का उद्बबोधन हुआ। एवं अंतिम मेला में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंती विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेक जी भट्ट द्वारा अतिथियों का आभार प्रगट किया गया । और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। और नगर भौंती में विशाल शौर्य यात्रा जो कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंती के तत्वाधान में निकाली गई थी उसका सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# भाजपा सरकार में नहीं है महिला सुरक्षित हर दिन हो रही दर्दनाक घटनाएंः इन्दु जैन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी–** खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से है जहाँ आज जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष हिंदू जैन ने बताया कि प्रदेश में लगातार महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, बलात्कार और शोषण की घटनाएं बढ़ती जा रही है जब से शिवराज सिंह की सरकार सत्ता में आई हैं तब से महिलाओं पर अत्याचार और शोषण के आपराधिक मामले बढ़ते जा रहे हैं और म0प्र0 की महिलाओं और नाबालिग बच्चियों बाहर निकलने पर असुरक्षा का माहौल पा रहे हैं। शिवपुरी जिले में नाबालिग बच्चिओं और महिलाओं पर बलात्कार और शारिरिक शोषण के आपराधिक मामलों की बाढ आ गई है। जनवरी 2020 से जनवरी 2022 तक दहेज हत्या के 33 प्रकरण पंजीबद्ध हुए। इसी प्रकार बच्चियों के साथ अश्लीलता के 15 अपराध पंजीबद्ध हुए। शीलभंग के 550 अपराधप्रकरण, दहेज प्रताडना के 350 अपराध, बलात्कार के 350 अपराध पंजीबद्ध हुए । यह गंभीर विषय है इससे यह प्रमाणित होता है कि जब शिवपुरी में इतने अपराध हुए हैं जो रिकॉर्ड पर हैं ऐसे भी कई मामले हैं जिन्हें प्रशासन द्वारा दबाया हुआ हैं । है तब संपूर्ण प्रदेश मैं क्या हालात होगें यह किसी से छिपा नही मध्य प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों पर हो रहे अत्याचार बलात्कार आदि पर रोक लगाने में मुख्यमंत्री श्री शिवराज जी एवं प्रदेश के ग्रहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जी बिल्कुल नाकाम साबित हो रहे हैं। ऐसे में उनके पद पर बने रहना नैतिकता के विरूद्ध है।महिलाओं और बच्चियों पर हो रहे शारीरिक और मानसिक अत्याचारों को रोकने में लगातार विफल विकल हो रही है मध्य प्रदेश सरकार से शिवपुरी महिला कांग्रेस मुख्यमंत्री एवं ग्रहमंत्री के इस्तीफे की मांग की।





## 1857 वीरांगना झलकारी बाई की कोली समाज कोलारस ने मनाई जन्म जयंती

अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे कोलारस द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ वीरांगना झलकारी बाई की जयंती मनाई गई जिसमें सभी कोली समाज के महानुभाव उपस्थित रहे अध्यक्ष गोपाल कोली और हरिशंकर कोली महंत श्री सोहन दास जी साहेब देवीलाल मेरिया जी बृजमोहन कोदारिया जी रामपुर से आए अब हमारे पूर्व सरपंच जी के छोटे भाई रामवीर जी पूजा राम जी गोपाल जी के द्वारा वाले कैलाश कोली जी संजीव कोहली जी राजेंद्र कोली जी राहुल कोली जी शिवम जी मूलचंद कोली जी विवेक कोहली जी

# विकासखण्ड शिवपुरी में मुख्यमंत्री कप प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को अनेक अवसर प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जिले के समस्त विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों में मुख्यमंत्री कप प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विकासखण्ड

## चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

एवं जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कप का आयोजन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।
इसी क्रम में आज मंगलवार को विकासखण्ड शिवपुरी में खो-खो, कबड्डी, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स खेल में 100 मीं, 200मीं, 400मीं, 1000मी, लांगजम्प, हाईजम्प, पुरूष शाटपुट (5 कि.ग्रा.), जैवलीन (700 ग्राम), महिला शाटपुट (3 कि.ग्रा.), जैवलीन (500 ग्राम) व कुश्ती पुरुष 42 किग्रा., 46 कि.ग्रा., 50 कि.ग्रा., 54 कि.ग्रा., 58 कि.ग्रा., 63 कि.ग्रा., 46 कि.ग्रा., 49 कि.ग्रा., 52



कि.ग्रा., 56 कि.ग्रा. व 60 कि.ग्रा. की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक अथवा बालिका खिलाड़ी खेल प्रतियोगिता में लगभग 3 सैकड़ा खिलाड़ियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम मैच प्रारंभ करने के पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष के.पी.परमार, मण्डल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, गिर्राज शर्मा, महामंत्री रीतेश जैन व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने सर्व प्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ किए जाने की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। पड़ाई के साथ-साथ बच्चे खेल के माध्यम से भी अपना भविष्य बना सकते है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने बताया कि इस वर्ष मुख्यमंत्री कप का आयोजन चार चरणों में किया जा रहा है। जिसका प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल व एकल विद्या में एथलेटिक्स व कुश्ती की आयोजित की जा रही है। विकासखण्ड स्तर पर विजेता अथवा चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। उक्त प्रतियोगिता 24 नवम्बर को विकासखण्ड कोलारस के शा.उ.उ.मा.वि.कोलारस व शा.उ.उ.मा.वि. बदरवास के खेल मैदान पर आयोजित की जाएगी। जिसकी प्रारंभिक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिले में संचालित उक्त खेल संघ अथवा संस्थान, स्कूल के प्राचार्य से मुख्यमंत्री कप में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल एवं व्हॉलीबॉल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को क्रमशः राशि 1 लाख रुपए, 75 हजार रुपए एवं 50 हजार रुपए तथा एथलेटिक्स, कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाले बालक अथवा बालिका को क्रमशः 10 हजार, 7 हजार एवं 5 हजार नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। अधिक जानकारी के विकासखण्ड पर पदस्थ ग्रामीण युवा समन्वयक के मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कमल सिंह बाथम उर्फ शेरा ग्रामीण युवा समन्वय शिवपुरी ने किया। प्रतियोगिता पश्चात सभी खिलाड़ियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## स्व. सूरतराम कुशवाह की समाजसेवक के रूप में रही पहिचान- राजेशसिंह

आर,एस रजक



भिंड- सूरतराम कुशवाह की 7 वीं पुण्य एक्टिव युवा कुशवाह महासभा के प्रधान कार्यालय पर मनाई गई जिसमे महासभा के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सूतसिंह कुशवाह ने लोगों के उत्थान व समाज के साथ चलने का कार्य किया जिससे कुशवाह समाज के लोग इन्हें समाजसेवी के रूप याद करते हैं अपने समाजिक जीवन में कुशवाह समाज को जरूरत पड़ी तो हमेशा साथ खडे नजर आये उक्त बातें कुशवाह समाज के अध्यक्ष राजेशसिंह कुशवाह ने कहीं । स्व. कुशवाह समाज की लडकी की शादी के सम्बंध के लिऐ ग्वालियर की ओर निकले थे अक्समात एनएच 72 हाइवे पर एक्सीडेंट हो जाने के कारण निधन हुआ था। श्रध्दांजलि सभा में उनके नाती रूपेन्द्र कुशवाह मनेपुरा सहित समाज के कई लोग मौजूद रहें।

## मतदाता सूची में अपना नाम ज़ुड़वाने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किये जाए का निर्देश दिए गये है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर श्री विवेक रघुवंशी एवं सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक एम.के.जैन ने निर्देशन में कलापथक दल द्वारा माधव चौक शिवपुरी पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कलापथक दल के प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का अग्रह किया। उन्होंने कहा कि 9 नंवबर से 17 साल से अधिक की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकेंगे। यदि कोई युवा 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 और 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की आयु पूरी करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिये आवेदन कर सकता है। निर्वाचन संबंधी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए 8 दिसंबर तक बीएलओ नजदीकी मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे, वहां पर जा कर समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। 8 दिसंबर 2022 तक नाम जोड़ने, हटाने, मतदाता परिचय-पत्र में संशोधन कराने के लिए आवेदन लिए जा रहे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सभी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने मजदूर वर्ग के युवाओं को नशा न करने की भी प्रतिज्ञा दिलाई।

## आदिवासी बस्ती की आगनवाड़ी की बदली तस्वीर

### आदर्श आगनवाड़ी के साथ कुपोषण में भी आई कमी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन और मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले में आंगनवाड़ियों को गोद लेने का अभियान चलाया जा रहा है। इससे आंगनवाड़ी में सामाजिक सहयोग से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा आदि में सकारात्मक बदलाव हो सके इस पर ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान से शक्तिशाली महिला संगठन और ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन भी जुड़ा है। शक्तिशाली महिला संगठन



ने खस्ताहल एवं गोबर कंडे से भरी पड़ी मझेरा आदिवासी बस्ती में आंगनवाड़ी को गोद लेकर पहले मरम्मत जिसमे की दीवारों की मरम्मत, छत की मरम्मत, बाउंड्री वॉल का निर्माण, वाशरूम, बीएनएफ पोषण वाटिका, पांच नए गेट लगाए, रंगाई-पुताई, आकर्षित करने वाली चित्रकारी बनवाई है जिससे की बच्चो को अनौपचारिक शिक्षा दी जा सके। एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी अभियान को जिले में सफलता मिल रही है। जिले के एनजीओ ने मजेरा के आंगनवाड़ी केन्द्र आदिवासी बस्ती को गोद लेकर केन्द्र की रंगाई पुताई और बच्चों को केंद्र पर आने के लिए आकर्षित करने वाली चित्रकारी करवाई गई है। इसमें केंद्र पर बीएनएफ पोषण वाटिका में लोकी, पालक, तोरई, मेथी, धनिया, चुकंदर के साथ औषधीय पौधे भी रोपित किए हैं। पहले अप्रैल में यहां कुपोषण एवं एनीमिया 70 परसेंट था आज जो घटकर 40 परसेंट पर आ गया है। यहाँ पहले 10 बच्चे अति गंभीर रूप से कुपोषित थे, आज केवल एक बच्चा अति गंभीर कुपोषित है। इसके साथ किशोरी बालिकाओं में जहां एनीमिया ज्यादा था अब उनमें एनीमिया में सुधार देखने को मिल रहा है। इस कार्य में संस्था की सुपोषण सखी एवं न्यूट्रीशन चौम्पियन के साथ ब्लॉक समन्वयक श्री साहब सिंह धाकड़ ने मुख्य भूमिका अदा की। आगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सीमा गुर्जर ने बताया कि पहले आगवाड़ी केंद्र में कंडे भरे पड़े थे। पूरा पानी भरा रहता था। आज हमारी आगनवाड़ी आदर्श आगनवाड़ी है। इसके साथ आदिवासी बच्चों के लिए हम खेल कूद प्रोग्राम एवं अनौपचारिक शिक्षा भी दे रहे हैं। जिससे बच्चों का सही विकास हो।

# लोकपाल सागर नहर खोले जाने को लेकर किसानों ने सौपा कलेक्टर को ज्ञापन

## नहर से सिचाई के लिए पानी नही मिलने से सूख रही है फसलें



**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे**

पन्ना। लोकपाल सागर तालाब से नहर के माध्यम से मिलने वाले पानी पर लगभग आधा दर्जन गांवों के किसान सिचाई के लिए मिलने वाले पानी पर निर्भर है। जल संसाधन संभाग पन्ना के आधिपत्य में स्थित लोकपाल सागर तालाब से मिलने वाले पानी पर सुनहरा, राजपुर,जनकपुर, नारंगीबाग, पुरूषोत्तमपुर कटरा आदि ग्रामों के किसानों को सिचाई के लिए पानी मिलता रहा है परंतु बीते कुछ वर्षो के दौरान अल्प वर्षा की वजह से तालाब में पानी की कमी और उपलब्ध पानी को पन्ना शहर में पेयजल के लिए आरक्षित कर लिये जाने की वजह से अन्नदाता किसानों के खेत पानी नही मिलने से सूखे है तथा गरीब किसानों की स्थिति डमाडोल हो गई है। इस वर्ष संतोषजनक बरसात होने से तालाब में गत वर्षो की तुलना में अधिक पानी भर जाने से किसानों को उम्मीद है कि कम से कम इस बार उन्हे सिचाई के लिए पानी मिल जायेगा किन्तु जल संसाधन विभाग द्वारा लोकपाल सागर तालाब से नहर में सिचाई के लिए पानी नही छोडा जा रहा है जिससे किसानों की फसलें सूखने लगी है। तालाब से नहर में पानी नही छोडे जाने से अपनी फसलों को बचाने के लिए सैकड़ो की संख्या में किसानों द्वारा आज अपनी नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर प्रदर्शन किया गया तथा नहर से सिचाई के लिए पानी दिये जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। किसानों ने बताया कि लोकपाल सागर तालाब जो कि जल संसाधन संभाग पन्ना के आधिपत्य में है और इस तालाब का निर्माण किसानों को सिचाई के लिए पानी देने के लिए बनाया गया है। जिसके लिए नहर बनी हुई है किन्तु तालाब में उपलब्ध पानी को प्रशासन द्वारा नगर पालिका क्षेत्र पन्ना में पेयजल व्यवस्था के लिए आरक्षित कर दिया जाता है जिससे सैकड़ो की संख्या में कृषि पर निर्भर किसानों की फसले पानी नही मिलने की वजह से सूख जाती है और विगत वर्षो के दौरान इसी के चलते किसानों को सूखे का संकट का सामना करना पडा है। लोकपाल सागर तालाब की जलीय आवक क्षमता को बढाने को लेकर किलाकिला फीडर जैसी योजनाओं में लगातार विलंब किया जा रहा है। इस वर्ष तालाब में अपेक्षित रूप से इतना पानी है कि किसानों को सिचाई के लिए पानी दिया जा सकता है फिर भी प्रशासन द्वारा नहर से पानी छोडे जाने को रोका गया है जिससे संकटग्रस्त किसानों की स्थिति बुरी तरह से बर्बाद हो जायेगी। जिला कलेक्टर से ज्ञापन के माध्यम से किसानों से अनुरोध किया है कि प्रशासन किसानों की दयनीय स्थिति समझें और उनकी जो फसलें सूखने लगी है उन्हें बचाने के लिए नहर का पानी सिचाई के लिए छोडा जाये।ज्ञापन सौपन वाले में से मुख्य रूप से श्रीकान्त दीक्षित, मनीष मिश्रा, शशीकान्त दीक्षित, रेहान मोहम्मद, सरपंच आशाराम,सुनील अवस्थी, भरत मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, रामेश्वरपाल, अर्जुनपाल, रफीक मोहम्मद, रामहेत, प्रभुपाल,अरविन्द सिंह रामगोपाल रैकवार सहित बडी संख्या में किसाना शामिल थे।

# भिंड के खिलाड़ियों ने कराटे में जीता सोना चांदी

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

भिण्ड । जिले के खेल और युबा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक (कोच) संजय सिंह एब (सकोच ) धर्मेंद्र झा की अगुवाई में भिंड जिला की टीम ग्वालियर संभाग टीम से इंदौर में चल रही 66 वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भिंड की खिलाड़ी मोहिनी करन ने गोल्ड मेडल जीता वही भारती भदौरिया ने सिल्वर मेडल जीता दोनों ही बालिका खेल एवं युवा कल्याण विभाग की तरफ से चल रहे निशुल्क कराटे प्रशिक्षण मैं रेगुलर तरीके से लगभग दो बर्ष से प्रशिक्षण लेरहे है उनकी मेहनत का परिणाम सामने आया दोनों ही छात्रा एक्सीलेंस नंबर 1 स्कूल की छात्रा है। नंबर 1 स्कूल के पीटीआई आनंद द्विवेदी जी का कहना है कि आज बड़े ही हर्ष और उल्लास का विषय है जो पहली बार भिंड जिले की नंबर 1 स्कूल से हमारी दो छात्राओं ने प्रदेश में गौरव बढ़ाया है मैं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संजय सिंह ( कोच), धर्मेंद्र झा को इसका श्रेय देता हूं और भिंड जिले के समस्त पालको से निवेदन करता हूं कि आप भी अपने बालक और बालिकाओं को अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करें इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उपसेनानी 17 बी वाहिनी शैलेंद्र भारती ने बड़ा ही हर्ष महसूस करते हुए कहा है कि अभी हमारे खेल और युवा कल्याण विभाग की तरफ से कराते गेम में राज्य स्तर पर भिंड जिले का





गर्व से मान बढ़ाया है मैं दोनों ही छात्राओं को एवं उनके कोच को तहे दिल से बहुत बहुत बधाई देता हूं , इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रामबाबू सिंह कुशवाहा, प्रमोद गुप्ता,राजा मधुरिया, विष्णु त्रिपाठी, बादशाह सिंह गुर्जर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नीरज बघेल, साधना तोमर ,अनिल श्रीवास, मुकेश अर्गल, श्रीमती बृजबाला यादव ,योगिता यादव, रविकांत, शिव शंकर रावत, आदि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बहुत-बहुत बधाई एवं हर्ष व्यक्त किया।

# वाओ विंग्स फोर ड्रीम्स का ग्रैंड फिनाले 27 नवंबर हो,कई हस्तियां होंगी सम्मिलित

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**सूरत-** वाओ विंग्स फोर ड्रीम्स की डायरेक्टर मिसेज प्रीति जैन द्वारा टीन,मिस ऐंड मिसेज गुजरात 2022 एवं किंग एंड क्वीन ऑफ इंडिया 2022 (सीजन 3) जिसका ग्रैंड फिनाले सूरत के होटल प्रिव्या मै 27 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता में देश से 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।जो की अपनी प्रतिभा 26-17 नवंबर को सूरत में दिखाएंगे।प्रतिभागियों को सबसे पहले ग्रूमिंग सेशन दिया जाएगा।जिसमें उनको मॉडलिंग की बारीकियां एक्सपर्ट्स द्वारा सिखाया जाएगा।इसकी ट्रेनिंग जानी मानी एक्सपर्ट नीरजा कलावाटिया द्वारा दिया जाएगा।सभी प्रतिभागियों को कई चरणों से गुजरना होगा जिसमें ट्रेडिशनल वियर राउंड,इंट्रोडक्शन राउंड,टैलेंट राउंड,फिटनेस राउंड आदि शामिल हैं।इस सौंदर्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर तो मिलेगा ही साथ ही योग की शिक्षा भी एक्सपर्ट्स डिंपल द्वारा प्रदान की जाएगी।यह शो यश थरोट द्वारा निर्देशक किया जा रहा है।डिजाइनर में पूर्णिमा(मुंबई), मीरा उपाध्याय (भरूच), भरत मोदी(सूरत) उपस्थित रहेंगे।इस शो में कई सेलिब्रिटीज भी सरीक हो रहे रहे हैं।जिसमें प्रकाश वाघेला(साथ निभाना साथिया),चित्रा चटर्जी, आर्यन कुमार मौजूद रहेंगे।जजेज में प्रेम गड़ा,सलोनी जैन,सनी जैन उपस्थित होंगे।ग्रैंड फिनाले की शाम संगीतकार कृशी भावसर द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी जो फिनाले की शाम को और मनोरंजक बनाएंगी।विशिष्ठ अतिथि के रूप में गोविंदा फाउंडर द लोकल कलाकार भी मौजूद रहेंगे।वहीं मीडिया पार्टनर के रूप में द हिन्द टुडे न्यूज के एडिटर अर्पित गुप्ता मौजूद रहेंगे।पार्टनर्स में प्रेशा क्रिएशन, सर्केवाल्याम संगीत क्लास, एस.के इंवेस्टमेंट्स, कुदरत फिल्म, फोटोग्राफर चिंतन मेहता आदि शामिल हैं।

# राष्ट्र भक्त युवा संगठन ने किया विस्तार देवेंद्र शर्मा जिला प्रभारी एवं विष्णु शर्मा सोंई जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो**
**विनोद पाठक**

**श्योपुर** – राष्ट्र भक्त युवा संगठन द्वारा संगठन में गतिशीलता लाने के लिए संगठन के संरक्षक विवेक भारद्वाज कि अनुशंसा पर राष्ट भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल द्वारा संगठन कि बैठक आयोजित करके देवेंद्र शर्मा को संगठन का जिला प्रभारी एवं विष्णु शर्मा सोंई को संगठन का जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया इस दौरान बड़ी संख्या संगठन कार्यकर्ता मौजूद थे!



# चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह के अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बांधे गये दोस्ती हैण्ड बेल्ट

**जिला टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**
**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**



टीकमगढ़। नवदिशा सामाजिक संस्थान के निर्देशक महोदय श्री प्रदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में आज चाइल्ड लाइन टीकमगढ़ द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीतारामजी कोतवाली थाना प्रभारी श्री मनीष कुमार एवं पुलिस कर्मचारियों को दोस्ती हैण्डबैल्ट बांधकर चाइल्ड लाईन 1098 से अवगत कराया गया। चाइल्ड लाइन समन्वयक श्री विनोद खरे ने दोस्ती सप्ताह के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इस सप्ताह को मनाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को चाइल्ड लाइन का दोस्त बनाना है।जिससे लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक रहे।इसके बाद चाइल्ड लाइन के सदस्यों द्वारा टोल फ्री नंबर 1098 की जानकारी दी गई,इस दौरान जिला समन्वयक श्री विनोद खरे,काउंसलर वर्षा कुशवाह,अजयकांत खरे,कुलदीप विश्वकर्मा,दृष्टि परमार व आशुतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे!

# दंदरौआ सरकार पर सिया पिया मिलन समारोह मैं प्रशासन के होते हुए भी पार्किंग से हुई बाइक चोरी

**पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे**
**दंदरौआ सरकार पर**

झाकरी साईट पार्किंग में से बायक हुई चोरी लास्ट दिन शाम को जब संजेय माहोर (जखारा वाले) ने पार्किंग में बाइक नही थी प्रशासन से गुहार लगाई कोई सुनवाई नहीं हुई ना किसी ने ढूंढ वाई उसके बाद मैं मौ थाने में चोरी की एफ आई आर दर्ज की है अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।



# माध्यमिक शाला सब्दलपुर ताल में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्ट**
**अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चयनित नवांकुर संस्था तेजस समाज सेवा समिति सब्दलपुर ताल द्वारा एकीकृत शाला सब्दलपुर में नशा मुक्ति विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही स्कूली छात्रों को नशा न करने को लेकर शपथ दिलाई गई इस दौरान समिति अध्यक्ष मोहन रघुवंशी शिक्षक शैतान अहिरवार एवं रामसेवक शर्मा सहित स्कूली छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

जतारा। रानी लक्ष्मीबाई जयंती स्त्री शक्ति दिवस के उपलक्ष में नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री पीयूष साहू ने बताया है कि विद्यार्थी परिषद पूरे देश में रानी लक्ष्मीबाई जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में बनाती है जिसको लेकर जतारा नगर में भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें नगर की छात्राओं ने सहभागिता की थी जिसमें प्रिंसी झा फलकनाज शोभा यादव अनेक छात्राओं ने सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उन सभी छात्राओं को आज एक संगोष्ठी का आयोजन करके प्रमाण पत्र वितरित किए हैं संगोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉक्टर मृदुला स्वर्णकार, डॉ लीना कुथरिया एवं शासकीय महाविद्यालय जतारा की प्रोफेसर एचडी कुमार सर शामिल हुए हैं उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की जीवन पर प्रकाश डाला है और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को सहाया है इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक रोहित चौरसिया, नगर उपाध्यक्ष विनीत तिवारी, एवं इमरत लाल कुशवाहा के साथ सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे हैं।

# कन्नड़ राज्योत्सव मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू** ्कर्नाटका रक्षण वेदिके युवा शाखा द्वारा बापूजी नगर आठवें क्रॉस में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने ध्वजारोहण कर मां भुनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा शाखा के सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया ।

# चम्बल में अब्बल बांटेड सिंगम अफसर...

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह...**

चम्बल... मुरैना अम्बाह पोरसा डर और दहशत के साये मे लिप्त था आज (मयूरवन) मुरैना नगरी को आज ऐसे दवंग, निडर,बैखौफ,निर्भीक सिंगम अफसर की जरूरत थी मॉग थी तलाश है जो शहर के क्राइम को बखूबी समझता हो जानता हो जिसने इन गुण्डो की कुण्डली खगाल रखी हो इनके ठिकानो से परिचित हो जो शहर के गुण्डो की नब्ज से भी बाकिव हो और शहर के इतिहास का क्राइम का भूगोल की भली भॉति जानकारी भी रखता हो जो इनके मंसूबो को भी जानता हो जो इनकी जमकर नकेल कस सके वो सिंगम इतना काबिल इतना माहिर इतना स्किल्ड इतना जोशीला हो कि क्राइम को जड मूल से ही खात्मा कर सके और पनप रहै इस गैगबार व माफियो को कुचल सके मेरे जहान में ऐसे तीन अफसर रहै है जिनकी ऑखो में खून आबाज में लोहा इरादे फोलादी हौसले बुलंन्द और जुल्म को कुचलने का माद्दा रखने बाले सिंगम अधिकारी मिले थे और है जिन्हौने अपनी बर्दी के दम पर अपने खास दमखम से मुरैना जिले को क्राइम मुक्त ही नही किया बल्कि इसमे खौफ भी पैदा किया इस शहर में खदैडा है सलाखो के पीछे पहुचाया है...बिना राजनीति दबाब के गुण्डो मे खौफ और भय पैदा किया है कडी कारबाही की है कई अपराधियो को शहर से भागना पडा है इनकी आर्थिक कमर भी तोडी है और इस शहर को अपने अद्भुत कार्यशैली से अमन चैन की सौगात भी दी है प्रथम आईपीएस डा.असित यादव दूसरे सुनील कुमार पाण्डे व तीसरे युवा व दवंग बर्तमान एसपी मुरैना आशुतौश बागरी असित यादव व आशुतोश बागरी ऐसे नाम है जिन्हौने एक साथ रहकर अपनी सेवाये मुरैना जिले को दी जिनसे अपराधियो की रूह भी कॉपती है इन अधिकारियो का इतिहास रहा है जिस शहर में भी जाते है गुण्डो आसामाजिक तत्वो सामत आजाती है सच कहू तो अपराधियो के लिये काल ही बन जाते है न जाने ये कौनसी मिट्टी के बने है क्राइम को देखते ही बेहद बेरहम होजाते है कहर बनकर टूट पढते है जबकि एसपी डा. असित यादव व आसुतोश बागरी पूर्ब में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहै तब भी मुरैना की जनता के दिलो में रहै थे मुरैना नैना गढ रोड ब्यबसाई के तीन साल के बेटे ग्रन्थ का अपहरण हुआ था रामलक्ष्मण जैसी जोडी असित आशुतोश ने अपनी सूझबूझ से 3घन्टे में मुक्त करा लिया जबकि रूऊर गॉव से 7 साल बच्ची लक्ष्मी का अपहरण हुआ आज तक पता नही बेटे ग्रन्थ मुक्त कराने की उपलब्धि चम्बल की पहली रही है जिस मुरैना की कहानी को क्राइम प्रैट्राल नाटक में टेलीबिजन पर दिखाया जा रहा है बीच में जिले की कानून ब्यबस्था लडखडा गई और बागचीन छैरा गॉव में अबैध जहरीली शराब से चौबीस लोगो की मौत ने पुलिस व प्रसासन गहरी आघात पहुचाई उसके बाद सुनील कुमार पाण्डे को जिले की कमान सौपी उन्हौने ब्यबस्था सुचारू रूप से सभाली और मुरैना में माफिया शब्द का नामो निशान मिटा दिया छह महीने में अबैध शराब रेत माफिया जुआ सट्टे का नामो निशान मिटा दिया



और कितना भी बडा आदमी अगर अपराधी है तो उनकी कारबाही से नही बचा था उनके अधानस्थो ने गलत जानकारी देकर राजनीत ने रोटी सेकली और उन्है हटा दिया गया और ललित शाक्यबार को भेजा उनको यह कहाबत सिध्द होगई **न साबन सूखे न भादो हरे ऑफिस देखी नही घरे ही परे**–मुरैना में आतंक बढने लगा पंचायत व नगरीय चुनाव होने को थे हर किसी पुलिस अफसर की हिम्मत नही कि ब्यबस्था सभाल सके तब कही पीएच क्यू से लेकर वटालियन तक खगाला गया तब कही आईपीएस आशुतोष बागरी को पुलिस कप्तान के रूप में मुरैना की कमान सौपी नगरी निकाय व पंचायत चुनाव होने को थे जिले में गुण्डा गर्दी काफी हद मे फैली थी चुनाव में दहसत फैलाने बाले गुण्डे जो कि पंचायत चुनाव में फर्जी मतदान करने के लिये भैस दुधारू पशुओ में गोली तक मारकर दहसत फैला देते ऐसे गुण्डे मबालियो को जमकर खदेडा ही नही सभी के बाउन्डोवर कराकर जीना मुहाल कर दिया और अपने अनुभव से प्रत्येक डिबीजन में पुलिस सैक्टर बनाये जिसमे अनुभबी प्रभारियो को जिम्मैदारी सौपी गई पूरे मुरैना जिले में जुर्म का नाम निशान मिटा दिया पंचायत व नगरी निकाय चुनाव मे शान्ति प्रिय व निशपच्छ निर्भीक मतदान होने में मुरैना एसपी आशुतोष की सराहना पूरे चम्बल संभाग में हुई भोपाल से डीजीपी व चुनाव आयोग की तरफ से पुरूकृति किया गया है मुरैना एसपी आशुतोष बागरी की या तो लक मानो या उनकी बिशेषता अपराध घटित हुआ 24 घन्टे तब लगे कि अपराध ट्रैस होकर अपराधी सलाखो के अन्दर बिना ट्रैस किये एक भी केश नही छोडा कोई कितना भी बडा आदमी क्यो न हो अपराध करता है तो उनकी पुलिसिया कारबाही से नही बचसकता है रहबासियो में भी इनकी कार्यशैली को काफी हद तक साराहा गया है... यू कहा जाये तो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया हमेशा अपने अधिकारी के आदेश के बफादार रहै है जब जब उन्है जहा का आदेश मिला है वहा खरे उतरे है चाहे कोई कितना बडा आदमी हो परन्तु हमेशा अधिकारी की बात पालन करते है जहॉ भी कमान सभालते है वहा गुण्डो की कमर ही नही तोडी बल्कि जमीदोज भी किया है इनका कार्यकाल काफी उल्लेखनीय रहा है मुरैना जिले में मुरैना जिले मे काफी सुर्खिया बटोरी है यदि कार्यशैली की बात करे तो इस श्रैणी में अनिल शर्मा व संतौष सिह भी गुण्डो के सर्जन माने जाते है इनकी कार्यशैली अपराधी के लिये शामत और आफत बनी है ये अधिकारी भी लोगो के दिलो मे राज करते है इरशाद बली असित यादव आशुतोष बागरी ये अधिकारी सिघम की श्रैणी में आते है में बर्तमान एसपी आशुतोष के पक्ष में अधिक हू मुरैना शहर बासियो बागरी साहब की कार्यशैली भाही भी और सराहा गया है लेकिन कुछ सफेद फोश नेता व फर्जी मीडिया जो उनसे अपना उल्टा सीधा करबाने में सक्षम नही हुये वह कानाफूसी जरूर करते नजर आयेगे उनको उनका अन्दाज नागबार जरूर गुजरेगा और ना पसंन्द भी करेगे उनकी दवंगता निर्भीकता और निडरता उन्है रास नही आरही होगी परन्तु जिले की भोली भाली जनता की मंशा है ऐसे ही धाकड और निडर सिगम अफसर को आगे देखना चाहेगे जिसकी हमको पूर्ण आशा ही नही बिश्बाश है जो कि इस मुरैना नगरी में सौहार्द, और अमन चैन बर्करार रह सके और (मयूरबन) मुरैना नगरी क्राइम मुक्त और भय मुक्त बना सके...

# बालाघाट डबल मनी कांड के भयंकर परिणाम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**
डबल मनी मामले को लेकर आए दिन तरह-तरह के वाकये किस्से सुनाई दिए जाते हैं तो वही हाल ही में एक और नया वाकया सामने आया है जिसमें दो एजेंटों की आपसी तनातनी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह पूरा मामला लांजी अनुविभाग के बहेला थाना अंतर्गत रिसेवाड़ा के गणमाता मंदिर

## रिसेवाड़ा के जंगल में मिली जली हुई संदिग्ध लाश

पहाड़ी के पीछे जंगल का है जहां रविवार को एक बुरी तरह जली हुई लाश मिली है। इस घटना को सुनकर क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। बता दे कि शनिवार 19 नवंबर को दुलापुर निवासी रामेश्वर करहि की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी पत्नी और उसके ड्राइवर दौलत नीलचंद वाघड़े उम्र 32 साल के द्वारा बहेला थाने में तीन आरोपी जिनमे नरेंद्र लिल्हारे, विनय पिता नरेंद्र लिल्हारे और संदीप तीनों गोर्रे निवासी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह जो लाश मिली है रामेश्वर करहि की हो सकती है। यह पूरा मामला डबल मनी के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि रामेश्वर करहि डबल मनी मामले में एजेंट का काम करता था जिसके द्वारा पैसे नहीं दिए जाने पर निवेशकों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है एवं उसे मारकर जंगल में फेंक दिया गया है।

**दौलत वाघड़े ने की थी रामेश्वर के गुमशुदगी की शिकायत**-उक्त मामले के संबंध में लापता रामेश्वर करहि के ड्राइवर दौलत वाघड़े ने बहेला पुलिस को गुमशीदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 07 नवंबर को उसके पास शाम मे करीबन 07.30 बजे सुधीर चन्द्रीकापुरे के बुलाने पर वह और रामेश्वर करहि दोनों रायपुर गए थे। रायपुर में पहले से ही सुधीर चंद्रीकापुरे के साथ नरेन्द्र लिल्हारे गोर्रे, चंदू भटेरे, विनोद भटेरे, सरोज भटेरे बोलेगांव, ऋषभ दोनाडकर निवासी भानेगांव से मिले। जिसके बाद 13 नवंबर को रामेश्वर, चंदू भटेरे, सरोज भटेरे, ऋषभ दोनाड़कर रायपुर से ट्रेन मे बैठकर आमगांव आ गये। जहां पर नरेन्द्र लिल्हारे जो हमसे दो दिन पूर्व रायपुर से वापस आ गया था। नरेन्द्र लिल्हारे ने हमे लेने के लिए गाडी भेजी थी जिसमे बैठकर गोर्रे आ गये। इसके बाद दौलत वाघड़े और रामेश्वर को नरेन्द्र लिल्हारे ने अपने घर पर रोक लिया। उसके बाद हमे बहेला और रिसेवाडा के जंगल मे ले जाकर सभी ने मिलकर बेल्ट व डंडो से बहुत मारा और बोले कि हमारे जो पैसे तुम डबल करने के लिये लेकर गये हो वह वापस कर दो नही तो जान से मार देगें। रात मे रामेश्वर करहि की तबियत बहुत बिगड़ गयी थी वह बेहोश हो चुका था उसे पानी पिला रहे थे तो वह नहीं पी सका और हिल-डुल भी नही रहा था। उसके बाद सुबह होते ही उसे अपने साथ अस्पताल लेकर चले गये और मुझे वही पर छोड़ गये। घर का दरवाजा खुला था तो दौलत वहां से भागकर अपने घर चला गया था। दौलत वाघड़े ने बताया कि अब तक रामेश्वर अपने घर नहीं पहुंचा था जिसके चलते उसकी पत्नी के साथ बहेला थाने में आरोपियों के विरुद्ध शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र लिल्हारे, विनय पिता नरेंद्र लिल्हारे और संदीप के विरुद्ध धारा 365, 341, 323, 506, 34 ताहि. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया है।




**विनय लिल्हारे ने उगला लापता व्यक्ति के शव का राज**-लापता रामेश्वर करहि के ड्राइवर दौलत के बताए अनुसार पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की जिसमें नरेंद्र लिल्हारे ग्राम गोर्रे निवासी के पुत्र विनय लिल्हारे को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी विनय ने रामेश्वर करहि की हत्या कर उसका शव गढ़माता मंदिर से लगे जंगल की पहाडिड़ों में फेंका जाना स्वीकार किया गया।

**गढ़माता मंदिर के पीछे 1 किमी दूर पहाड़ी के नीचे मिला शव**-उक्त मामले में आरोपी विनय लिल्हारे के कथन अनुसार एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के मार्गदर्शन में बहेला पुलिस थाना प्रभारी दिनेश भंवर, लांजी पुलिस थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी और दलबल के साथ आरोपी के बताये घटनास्थल पर पहुंचे और शव की खोजबीन शुरू की लगभग 1 से डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गढ़माता मंदिर से पीछे 1 किमी दूर पहाड़ी के नीचे अधजली अवस्था में व्यक्ति रामेश्वर करहि का शव बरामद किया गया। जिसे पहाड़ी पर पहले जलाने के बाद उसे नीचे झाडिड़ों में फेंक दिया गया था। इस कार्रवाई में बालाघाट से डॉग स्क्वायड भी लाकर शव को खोजने में सहायता ली गई।

**4 से 5 दिन पुराना शव होने का अनुमान**-जंगल में शव अधजली हालत में बरामद हुआ है और उसे पहाड़ी से लगभग 15 फिट नीचे फेंक दिया गया था जिसके कारण उसके शरीर में जगह-जगह चोट के निशान थे वहीं सिर और गले में किसी धारदार हथियार से वार के निशान भी देखे गये है शव 4 से 5 दिन पुराना होने के कारण उसमें कीड़े भी लगना शुरू हो गये थे जिसके कारण पुलिस टीम को शव को बरामद करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि मौके पर मौजूद एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस जवानों के द्वारा सावधानीपूर्वक मृतक के अधजले शव को समेटकर बहेला थाना लाया और शव को पीएम के लिये रखा गया था।

**पुलिस ने लोगों से की अपील**-जैसे-जैसे एजेंटों के साथ मारपीट का मामला सामने आ रहा है वैसे वैसे लोगों में डर का माहौल भी बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें उनका पैसा वापस चाहिए तो वह अपने सबूतों के साथ पुलिस थाने में शिकायत करे। ताकि एजेंटों के विरुद्ध कार्रवाई कर निवेशकों का पैसा उन्हें वापस दिलाया जा सके। लेकिन मारपीट जैसी घटना करके अपराध का भागीदार ना बने।

# थाना गोले का मन्दिर पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
ग्वालियर। दिनांक 17.11.2022 को थाना गोले का मन्दिर पर किरायेदार द्वारा अपने मकान मालिक की नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना पर से थाना गोले का मन्दिर में किरायेदार के खिलाफ बलात्कार एवं पॉस्को एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया को थाना गोले का मन्दिर पुलिस की टीम बनाकर उक्त हत्या की घटना नावालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोले का मन्दिर निरीक्षक मिर्जा आसिफ बेग के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई जाकर बलात्कार के आरोपी की तलाश प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के छिपने के ठिकानों पर दबिश भी दी गई। दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गोवर्धन कालोनी में अपने मकान मालिक की बच्ची के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी भिण्ड रोड पर लक्ष्मणगड़ हाईवे पुल के पास कहीं भागने की फिराक में खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा थाना गोले का मन्दिर पुलिस टीम को उप निरीक्षक बृजमोहन शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को लक्ष्मणगड़ पुल हाईवे के पास एक संदिग्ध खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा भाग रहे संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने मकान मालिक की बच्ची के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया। उक्त आरोपी ड़ोचरा, ऊमरी जिला भिण्ड का रहने वाला है। ग्वालियर में वह गोवर्धन कालोनी में किराये से रहता था। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को थाना गोले का मन्दिर के अप0क्र0 376 एबी, 506 भादवि एवं 3/4 पॉस्को एक्ट में गिरफ्तार किया जाकर उससे घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि फरियादिया हर्षा दुबे(परिवर्तित नाम) निवासी गोला का मंदिर ग्वालियर ने अपनी नाबालिग बच्ची के साथ थाना गोले का मन्दिर में उपस्थित होकर एक शिकायती आवेदन पत्र दिया कि वह अपनी बच्ची के साथ गोवर्धन कालोनी, गोला का मंदिर ग्वालियर में स्थित अपने मकान में रहती है और उसके पति गांव में रहते है। दिनांक 17.11.2022 को मैं हर रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर गई थी। शाम करीब 06.30 बजे घर वापस आई, तो मेरी बच्ची ने मुझे बताया कि मेरे मकान में किराये से रहने वाले किरायेदार द्वारा उसके साथ गलत काम किया। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना गोले का मन्दिर में अप0क्र0 376 एबी, 506 भादवि एवं 3/4 पॉस्को एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सराहनीय भूमिकाः-उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गोले का मन्दिर निरीक्षक मिर्जा आसिफ बेग, उप निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, आरक्षक शशिकांत, जसवीर, विष्णु जाट, गिर्राज की सराहनीय भूमिका रही।

# 75 वे एनसीसी दिवस पर हुआ पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन

## चरित्र निर्माण एवं एकता और अनुशासन सीखती हैं एनसीसी

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**
एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ भोपाल के अंतर्गत 6 मध्यप्रदेश एनसीसी स्वतंत्र कम्पनी बालाघाट के नेतृत्व में साकेत पब्लिक स्कूल लांजी के एनसीसी ट्रूप द्वारा 75 वां एनसीसी दिवस के अवसर पर 6 मध्यप्रदेश एनसीसी स्वतंत्र कम्पनी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल एम रविचंद्रन एवं संतोष मोरघड़े संचालक साकेत पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शन में पर्यावरण जागरूकता , धरती बचाव रैली का आयोजन लांजी नगर में 21 नवंबर को किया गया रैली में 45 एनसीसी कैडेट्स एवं लगभग 250 छात्र छात्रा समलित रहे। जिसमे रैली के माध्यम से पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति आमजनों को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया साथ ही नगर को प्लोथिन मुक्त करने का संदेश भी दिया गया। उक्त रैली में एनसीसी केयर टेकर संदीप कुमार रामटेक्कर, प्राचार्य महेंद्र दुरुगकर, निर्मल सिंह सोलंकी, रामावत, हर्षद आसटकार एवं एनसीसी कैडेट्स




कोमल प्रसाद ठाकरे, प्रदीप रामटेके, किरण कुमार तथा समस्त छात्र छात्रा का सहयोग रहा।




# बीआरसी कार्यालय में संपन्न हुई जनसुनवाई

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**
सिरोंज। प्रति मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण प्रजापति के द्वारा बीआरसी कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें चौंकने वाली एवं आश्चर्यचकित करने वाला विषय यह रहा कि जहां शासन के द्वारा जनता के पक्ष को मजबूत बनाने के उद्देश्य एवं उनकी समस्याओं के निवारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की जाती है तो वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी स्वयं न पहुंचकर अपने प्रतिनिधियों को पहुंचा देते हैं जिससे कई समस्याएं जिनका समाधान मौके पर होना है उनका समाधान नहीं हो पाता है।

**कुशल कर्मचारी होने के बाद भी दिया गया अकुशल कर्मचारी का वेतन - आवेदक**-वहीं मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आवेदक परमसुख सेन के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन दिया गया ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि श्रम न्यायालय के आदेश अनुसार नगर पालिका कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में लिपकीय कार्य कर अपनी सेवायें दे रहा था। कार्यालय में पदस्थ कुछ लोगो द्वारा प्रार्थी का शोषण किया गया। मुझसे लिपिक का कार्य कराया जा रहा था। लिपलकिये कार्य करने वाला व्यक्ति कुशल कर्मचारी की श्रेणी में आता है। किन्तु मेरे खिलाफ षड्यंत्र करते हुये मुझे एक अकुशल कर्मचारी का वेतन निरंतर दिया गया। दिनांक 22-8-2021 रक्षाबंधन के दिन कुछ लोगो द्वारा षडयंत्र कर कानूनी को बलाये ताक रखते हुये गैरकानूनी तरीके से मुझे नौकरी से पृथक कर दिया गया था। इस सम्बंध में प्रार्थी श्रीमान जी से जांच करने का निवेदन करता है।यह कि नगरपालिका द्वारा दिनांक 04-09-2022 को श्रीमान श्रम पदअधिकारी महोदय विदिशा के समक्ष राजीनामा कर प्रार्थी को कार्य पर लिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी। प्रार्थी द्वारा उक्त राजीनामा के आधार पर दिनांक 05-09-2022 को नगरपालिका कार्यलय में अपनी उपस्थिति दे दी थी। किन्तु कार्यालय में बैठे लोगो द्वारा मेरे उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसके पश्चात दिनांक 28-09-2022 को प्रार्थी द्वारा पुनः आवेदन पत्र पर कार्यवाही हेतु दिया किन्तु आज दिनांक तक मुझे ना तो काम पर लिया गया और ना ही कोई वेतन दिया गया दिनांक 22-8-2021 को मुझे जबाव न प्रस्तुत करने के कारण सेवा से पृथक किया गया था। इस सम्बंध में मेरा निवेदन है कि मैं दिनांक 04-08-2021 को ही अपना जबाब कार्यलय में प्रस्तुत कर चुका था। जिसकी प्राप्ति की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न है। प्रार्थी के जब सूचना के अधिकार के अन्तर्गत जब अपनी फाईल की कापी प्राप्त की तो प्रार्थी भौचक्का रह गया क्योकि जो जबाव प्रार्थी दिनांक 04-08-2021 को प्रस्तुत कर चुका है। वह नगरपालिका कार्यलय द्वारा आवक कमांक 1278 दिनांक 26-8-2021 को प्राप्त होना प्रमाणित है। मेरे जबाव को षडयंत्र पूर्वक छिपाकर रखा गया और मुझे सेवा से गैर कानूनी तरीके से पृथक कर दिया गया। जिसमें उन्होंने जांच कर कार्रवाई की बात कही।

**6 माह पहले फाइल जमा करने पर भी नहीं आ पाई कुटी**-वही एक और अन्य आवेदन में ग्राम पंचायत करा खेड़ी खेड़ी की महिलाओं के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया जिसमें उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि करीखेडी तहसील सिरोंज की निवासी होकर गरीब महिला है, तथा हरिजन जाति की है। यह कि की प्रधानमंत्री आबास कुटीर नही आई है जबकि प्रार्थनी विधिवत फार्म ग्राम के सचिव जयनारायण शर्मा को 6 महीने पहले जमा कर चुकी है ग्राम के सभी लोगो को कुटीरे आ गई है परन्तु प्रार्थनी की कुटीर आभी तक नहीं आई है प्रार्थनी कई बार ग्राम के सचिव से बोल चुकी है परन्तु ग्राम के सचिव टालचाल करते है तथा प्रार्थनी को कोई जानकारी नही देते है ग्राम के पैसे वाले लोगो की सभी की प्रधानमंत्री कुटीर आ गई है परन्तु प्रार्थनी की कुटीर अभी तक नही आई है प्रार्थनी बहुत परेशान है तथा प्रार्थी व उसका पति मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते है। इस का प्रार्थनी को प्रधानमंत्री आबास कुटीर दिलाई जाना योग्य है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत करा खेड़ी की महिलाएं उपस्थित रही इसके अलावा अन्य आवेदन भी आए जिनके समाधान हेतु संबंधित विभागों में भेज दिए गए।

# 01 करोड़ 20 लाख रूपये की हुई सनसनीखेज लूट की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
ग्वालियर। थाना इन्दरगंज क्षेत्र में राजीव प्लाजा के पास पैकेजिंग मटेरियल सप्लाई करने वाली हरेन्द्र ट्रेडिंग कंपनी के मुनीम के साथ दिन दहाड़े हुई 01 करोड़ 20 लाख रूपये की सनसनीखेज

## सनसनीखेज लूट की बारदात का ग्वालियर पुलिस ने 6 घण्टे में पर्दाफाश, एक आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा मय राउण्ड के किया जप्त

लूट की बारदात को गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री डी.श्रीनिवास वर्मा,भापुसे द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उक्त घटना का पर्दाफाश कर शत-प्रतिशत बरामदगी कर लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीमें बनाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में पुलिस की तीन टीमें बनाई गई। जिसमें एक टीम का नेतृत्व अति. पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) श्री मोती उर रहमान,भापुसे दूसरी टीम का नेतृत्व अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया तथा तीसरी टीम का नेतृत्व सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे द्वारा किया गया। पुलिस टीमों के सहायतार्थ सीएसपी लश्कर श्री सियाज के.एम.,भापुसे, सीएसपी इन्दरगंज श्री विजय भदौरिया, सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया व सीएसपी विश्वविद्यालय श्री रत्नेश तोमर, डीएसपी यातायात नरेश बाबू अन्नोटिया को भी लगाया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास के सभी सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये तथा टेक्नीकल टीम को सक्रिय किया गया। एडीजीपी ग्वालियर जोन एवं पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पूरे घटनाक्रम पर सत्त संपर्क रखते हुए जांच में लगी हुई टीमों को लगातर दिशा निर्देश दिये गये। घटना के संबंध में पूछताछ पर ट्रेडिंग कंपनी के वाहन चालक द्वारा संदेहास्पद जवाब दिये जाने से उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपने दो साथियों के साथ सोचे समझे प्लान के तहत उक्त लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। इस पर से पुलिस टीमों द्वारा उक्त आरोपियों



की तलाश प्रारम्भ की गई। उक्त लूट की घटना का पर्दाफाश करने के लिये बनाई गई तीनों पुलिस टीमों द्वारा त्वरित प्रयास करते हुए उक्त लूट की घटना कारित करने वाले एक आरोपी को थाना महाराजपुरा क्षेत्रान्तर्गत महाराजपुरा गांव से पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी से लूटे गये रूपयों का कार्टन एवं एक कट्टा 315 बोर का कट्टा मय एक राउण्ड के बरामद किया गया। पुलिस टीमों द्वारा पकड़े गये दोनों आरोपियों को थाना इन्दरगंज के अप0क्र0 507/22 धारा 394 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में गिरफ्तार किया गया। लूट की घटना में शामिल एक आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरण– दिनांक 21.11.2022 को दिन में पैकेजिंग मटेरियल सप्लाई करने वाली एक कंपनी का मुनीम जो कि कंपनी के रूपयों को बैंक में जमा करने के लिये ड्राइवर के साथ कार की डिग्गी में रखकर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार जयेन्द्रगंज स्थित राजीव प्लाजा के बगल वाली गली में पहुंची तो वहां पहले से मौजूद दो संदिग्ध व्यक्तियों में से एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा हाथ देकर उनकी कार को रोका गया। कार के रुकते ही उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा कट्टा तानकर ड्राइवर से कार की डिग्गी को जबरन खुलवाया गया और मुनीम तथा कार ड्राइवर के मोबाइल लूट लिये गये। ड्राइवर द्वारा कार की डिग्गी खुलवाई गई और उसके एक अन्य साथी द्वारा कार की डिग्गी में रखे हुए रुपयों से भरे कार्टन को उठाकर सकरी गली में से होते हुए छप्पर वाला पुल की तरफ भाग निकला। इसके बाद कट्टे वाला बदमाश भी अपने साथी के पीछे भाग निकला। दोनों बदमाश मोटर सायकिल से छप्पर वाले पुल से भाग निकले।

**गिरफ्तार आरोपी**-कंपनी के कार ड्राइवर सहित एक लुटेरा।

बरामद मशरूका-लूटे गये 01 करोड़ 20 लाख रूपये नगद, एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड।

सराहनीय भूमिका-उक्त लूट की घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना इन्दरगंज टीम- निरीक्षक अनिल सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक शिवम सिंह राजावत, दिनेश सिंह, प्र.आर. हेमंत सिंह, राजकुमार राठौर, राजेश तोमर, आरक्षक सौरभ शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, विवेक डण्डोतिया, भुवनेश्वर सिंह जादौन क्राईम ब्रांच टीम- उप निरीक्षक राहुल अहिरवार, शैलेन्द्र शर्मा, सउनि राजीव सोलंकी, राजकुमार राजावत, प्र.आर. मुकेश चौहान, भगवती सोलंकी, रामबाबू सिंह, दिनेश सिंह कुशवाह, विकास बाबू, जितेन्द्र बरैया, आरक्षक गौरव पवार, ओमशंकर सोनी, रोहित, गौरव आर्य, अरुण पवैया, विद्याचरण, विकास तोमर, योगेंद्र तोमर, नवीन पराशर, रणवीर शर्मा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478